माननीय अध्यक्ष जी, माननीय नेता सदन की बातों से अपने को सम्बद्ध करते हुए आज हम इस सदन के सम्मानित नेता रहे श्री राम चरन शाह जो लखीमपुर खीरी के रहने वाले थे और इस सम्मानित सदन के तीन बार माननीय सदस्य के रूप में निर्वाचित होकर 1962, 74, 77 में आये अपनी बातों को यहां पर रखते हुए अच्छा कार्य किया साथ ही साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े रहे और इसी के साथ ही साथ कई बार अनेकों लड़ाइयों में जेल यात्राएं भी कीं। विभिन्न पदों पर रहे जिनका निधन 1-11-97 को हुआ। हम अपनी पार्टी की ओर से उनके शोक संतप्त परिवार तक शोक संवेदना व्यक्त करते हैं। कृपया उनके परिवार तक हमारी भावनाओं को पहुंचाने की कृपा करें।

इसी क्रम में श्री राम किशोर शुक्ला जी जो इलाहाबाद के रहने वाले थे, 1969 में विधान सभा के सम्मानित सदस्य के रूप में निर्वाचित होकर आये थे। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े रहे। शैक्षणिक संस्थाओं के अध्यक्ष और प्रबन्धक के रूप में शिक्षा जगत में अच्छे कार्य किये। उनके किये गये कार्यों को इलाहाबाद में आज भी याद किया जाता है। जिनका निधन दिनांक 17-11-97 को एक स्कूटर दुर्घटना के तहत हुआ। वह हमारे बीच नहीं रहे। हम अपनी पार्टी के सम्मानित सदस्यों की ओर से शोक संवेदना व्यक्त करते हैं। कृपया उनके शोक संतप्त परिवार तक हमारी भावनायें पहुंचाने का कष्ट करें।

माननीय अध्यक्ष जी, इसी क्रम में हमारे बीच के सम्मानित साथी श्री राज किशोर सिंह जी, जो वाराणसी जिले के रहने वाले थे, वह सन् 1985 एवं 1989 में इस सम्मानित विधान सभा के सदस्य के

---

* अनुवाद से प्राप्त — सम्पादित नहीं किया।

रूप में निर्वाचित होकर आये थे, बहुत ही जुझारू प्रवृत्ति के थे, गरीबों, मजलूमों, शोषितों, पीड़ितों की लड़ाई को लेकर के उन्होंने कई बार संघर्ष किया था, जेल यी यात्राएं की थी। उनके सामने जो भी जन समस्यायें आती थी उसको चुनौती के रूप में स्वीकार करके उसके खिलाफ आन्दोलन खड़ा करते थे। ऐसे जुझारू साथी आज हमारे बीच में नहीं रहे। दिनांक 23-11-97 को हमारे सम्मानित साथी श्री सिंह जी का निधन हो गया। श्री सिंह जी, विभिन्न सामाजिक संगठनों, शैक्षणिक संस्थाओं एवं आन्दोलनों से जुड़े रहे। हम उनके प्रति अपने सम्मानित सदस्यों की ओर से शोक संवेदना व्यक्त करते हैं। कृपया हमारी भावनाओं को उनके शोक-संतप्त परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें।

माननीय अध्यक्ष जी, इसी क्रम में चौथे साथी श्री धर्मवीर सिह जी, जो बिजनौर जनपद से सन् 1974 एवं 1977 में निर्वाचित हो करके इस विधान सभा की शोभा बढ़ाने का काम किया था और सम्मानित सदस्य के रूप में उन्होंने प्रदेश की सेवा की थी, आन्दोलनों के माध्यम से अपनी बात को मुखरित किया था। उन्होंने सर्वाधिक कार्य शिक्षा जगत में किया था। हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं डिग्री कालेजेज के संस्थापक अध्यक्ष एवं व्यवस्थापक के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण किया किया। हमारे ऐसे साथी जिन्होंने अपनी पूरी जिन्दगी समाज सेवा में लगाने का काम किया था, उनको अपनी पार्टी के सभी सम्मानित सदस्यों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। कृपया हमारी शोक संवेदना को, शोक संतप्त परिवार तक पहुंचाने का कष्ट करें।

लघु सिंचाई एवं ग्रामीण अभियंत्रण मंत्री (श्री मारकण्डेय चन्द)–

मान्यवर, स्वर्गीय श्री राम चरन शाह, श्री राम किशोर शुक्ल, श्री राज किशोर सिंह, श्री धर्मवीर सिंह के निधन के संबंध में जो उद्‌गार इस सदन के माननीय नेता सदन तथा अन्य नेतागणों ने प्रकट किये हैं, मैं उनसे अपने को तथा अपने दल को सम्बद्ध करता हूं। श्री राम चरन शाह लखीमपुर खीरी जिले के रहने वाले थे। वह वर्ष 1962 में, 1974 तथा 1977 में चुनकर इस विधान सभा में आये। श्री शाह इस सदन के एक अत्यन्त सम्मानित सदस्य थे, वह एक कुशल वक्ता थे, उनके निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि मेरी और मेरे दल की ओर शोक संवेदनायें उनके परिवारजनों तक पहुंचा दी जायें।

मान्यवर, श्री राम किशोर शुक्ल जी जनपद इलाहाबाद के रहने वाले थे। उनको मैं अत्यन्त निकट से जानता था। वह एक बार इस आदरणीय सदन में 1969 में चुनकर आये थे। वह इलाहाबाद जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष रहे। उनके निधन से सहकारिता जगत में एक अच्छे सहकारी सेवक का अभाव हो गया है। इलाहाबाद के सहकारी क्षेत्र में उनका बड़ा योगदान था। वह क्षेत्र के गरीब तबकों के लोगों के लिये निरन्तर जनपद स्तर पर, प्रदेश स्तर पर बहुमूल्य सुझाव दिया करते थे, उनके निधन से सहकारिता जगत में अपूर्णीय क्षति हुई है। आपसे अनुरोध है कि मेरी और मेरे दल की शोक संवेदनायें उनके परिवारजनों तक पहुंचा दी जायें।

मान्यवर, श्री राज किशोर सिंह जी इस सदन के दो बार सदस्य रहे। पहली बार वह 1985 में और उसके बाद 1989 में चुनकर इस सदन में आये। मैं बहुत नजदीक से उनको जानता था। वह हमेशा रचनात्मक और ठोस सुझाव दिया करते थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में स्वतंत्रता आन्दोलन तथा अन्य जन आन्दोलनों में हिस्सा लिया और जेल भी गये। उनके निधन से एक कुशल समाजसेवा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का अन्त हो गया है। मेरी आपसे प्रार्थना है कि मेरी और मेरे दल की शोक संवेदनायें उनके शोक संतप्त परिवार को भेजने की कृपा करें।

मान्यवर, श्री धर्मवीर सिंह जी इस सदन के एक ओजस्वी वक्ता के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने सदैव इस सदन में कमजोर तबकों के लिये अपने रचनात्मक सुझाव दिये। वह ऐसे सुझावों द्वारा अनेक अवसरों पर सदन को विवश किया करते थे, सभी पक्ष और विपक्ष के लोग उनको समान रूप से आदर करते थे, सम्मान करते थे, उनके सुझावों की वजह से अनेक बार उनके संशोधन को यहां स्वीकार किया गया। उनके निधन से इस सदन की अपूर्णीय क्षति हुई है। मैं आपसे निवेदन करता हूं कि मेरी और मेरे दल की शोक संवेदनायें, उनके शोक संतप्त परिवारजनों तक भेजने की कृपा करें।

* ऊर्जा मंत्री (श्री नरेश चन्द्र अग्रवाल)–

मान्यवर, इस सदन के चार भूतपूर्व माननीय सदस्य स्व० श्री राम चरन शाह, स्व० श्री राम किशोर शुक्ल, स्व० श्री राज किशोर सिंह एवं स्व० श्री धर्मवीर सिंह के प्रति जो शोक संवेदना माननीय नेता सदन माननीय नेता प्रतिपक्ष, माननीय नेता बहुजन समाज पार्टी, ने व्यक्त किये हैं हम अपने को और अपने दल को सम्बद्ध करते हैं। श्रीमन्, श्री राम चरन शाह हमारे पड़ोस के जनपद लखीमपुर के रहने वाले थे। मेरी कई बार उनसे भेंट हुई वह एक महान विचारक थे।

श्री राज किशोर सिंह जी, वह हमारे साथ इस सदन के सदस्य भी रहे हैं, वह ओजस्वी वक्ता रहे हैं। मान्यवर, इन 4 भूतपूर्व माननीय सदस्यों ने इस प्रदेश को नई दिशा दी है। उनके विचार आज प्रदेश को लाभान्वित कर रहे हैं। उनके निधन से न केवल उस जनपद को हानि हुई है बल्कि पूरे प्रदेश की हानि हुई है। मेरा आपसे निवेदन है कि उनके शोक संतप्त परिवार को मेरी तथा मेरे दल की शोक संवेदना भेजने की कृपा करें।

*श्री प्रमोद कुमार–

माननीय अध्यक्ष महोदय, यह प्रकृति का नियम है कि जो इस लोक में आता है उसे जाना ही होता है। बहुत सी ऐसी शख्सियत होती है जो अपनी दक्षता और कार्यक्षमता से समाज को न केवल नई दिशा देते हैं बल्कि देश की सेवा भी करते हैं। आज जो यह 4 सदस्य किसी न किसी समय इस गौरवशाली सदन के सदस्य रहे हैं और उन्होंने समाज और देश की सेवा की है उनके लिए जो विचार माननीय नेता सदन, नेता प्रतिपक्ष ने रखे हैं उनसे मैं अपने दल को सम्बद्ध करता हूं और विशेष रूप से उल्लेख करता हूं श्री शाह साहब का, जिन्होंने निश्चित रूप से शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया। आदरणीय स्व० राम किशोर शुक्ल जी जो कांग्रेस के सदस्य रहे और सहकारिता आन्दोलन के एक प्रकार से नायक थे। उन्होंने सहकारिता आन्दोलन की सिर्फ इलाहाबाद में ही नहीं बल्कि सभी जनपदों में एक नई दिशा दी, एक नया विचार दिया।

श्री राज किशोर सिंह जी कम्युनिस्ट मूवमेन्ट के नायक थे वह दो बार इस माननीय सदन के सदस्य रहे। वह एक ईमानदार, प्रतिभा सम्पन्न और अपने कर्तव्य के प्रति पूरी तरह से समर्पित व्यक्तित्व थे। इसी प्रकार चौधरी साहब बिजनौर जिले में गन्ना किसानों के लिए अनवरत संघर्ष करते रहे। मैं इन 4 भूतपूर्व सदस्यों के परिवारजनों के प्रति अपनी और अपने दल की संवेदना प्रकट करते हुए आपसे अनुरोध करता हूं कि उनके परिवार तक मेरी और मेरे दल की शोक सम्वेदना पहुंचाने की कृपा करें।

*श्री कौकब हमीद–

मान्यवर, स्व० श्री राम चरन शाह, स्व० श्री राम किशोर शुक्ल, स्व० श्री राज किशोर सिंह एवं स्व० श्री धर्मवीर सिंह ये 4 महान आत्मायें, जो इस सदन के मेम्बर रहे हैं, उनके चले जाने से समाज में एक कमी पैदा हो गयी है। मेरा अनुरोध है कि मेरी तरफ से और मेरे दल की तरफ से उनके परिवार तक शोक संवेदना पहुंचाने की कृपा करें।

श्री सुवाष चन्द्र श्रीवास्तव–

माननीय अध्यक्ष जी, मृत्यु के क्रूर हाथों ने इस माननीय सदन के सदस्य रहे श्री राम चरन शाह, श्री राम किशोर शुक्ल, श्री राज किशोर सिंह एवं श्री धमवीर सिंह जी विगत दिनों हमसे छीन लिया। श्रीराम चरन शाह जी जो 3 बार इस माननीय सदन के सदस्य रहे, श्री राम किशोर शुक्ल जी जो इस सदन के एक बार सदस्य रहे। श्री राज किशोर सिंह जी जो दो बार इस सम्मानित सदन के सदस्य रहे

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

तथा स्वतन्त्रता संग्राम में जिनकी अग्रणी भूमिका रही, का निधन 17-11-97 को हो गया । इसी तरह श्री धर्मवीर सिंह जी दो बार इस सम्मानित सदन के सदस्य रहे । इन दिवंगत आत्माओं के मामले में माननीय नेता सदन, माननीय नेता विपक्ष एवं अन्य दलों के माननीय नेताओं ने जो विचार व्यक्त किये उनके विचारों से मैं अपने को सम्बद्ध करते हुए आपसे निवेदन करता हूं कि हमारी और हमारी पार्टी की ओर से शोक संवेदनायें शोक संतप्त परिवारों तक पहुंचाने की कृपा करें ।

* श्री राम जग–

मान्यवर, हमारे सदन के पूर्व सदस्यों श्री राम चरन शाह, श्री राम किशोर शुक्ल, श्री राज किशोर सिंह एवं श्री धर्मवीर सिंह जी के निधन से उत्तर प्रदेश के राजनैतिक इतिहास में एक अपूर्णनीय क्षति हुई है । मान्यवर, मैं इन चारों स्वर्गीय नेताओं में से राज किशोर सिंह जी को व्यक्तिगत रूप से जानता था, वे कम्युनिस्ट पार्टी के अग्रणी नेताओं में से थे, स्वतन्त्रता आन्दोलन में वे अग्रणी थे वे कम्युनिस्ट पार्टी की राज्य परिषद् के मेम्बर थे और किसानों के आन्दोलन में एक अग्रणी नेता के रूप में भूमिका निभाते रहे ।

एक सदस्य–

कृपया माईक पर बोलें, आवाज नहीं सुनाई दे रही है ।

श्री राम जग–

कामरेड राज किशोर सिंह जी मार्क्सवादी और लेनिनवादी के अग्रणी नेता रहे हैं । कम्युनिस्ट पार्टी के एक कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने किसानों मजदूरों की सेवा की । जो कम्युनिस्ट मूवमेन्ट है उ० प्र० का उसमें कामरेड राज किशोर सिंह जी जैसे नेताओं की आवश्यकता है, वे हमारे बीच से चले गये । मान्यवर, कामरेड राज किशोर सिंह जी के साथ अन्य तीन सदन के भूतपूर्व नेताओं के संबंध में नेता सदन, नेता विपक्ष, नेता कांग्रेस (आई०), नेता जनता दल, नेता किसान कामगार पार्टी ने जो विचार व्यक्त किये हैं, मैं उनसे अपने को और अपने दल को सम्बद्ध करता हूं और आपसे उम्मीद करता हूं कि हमारी शोक संवेदनायें उनके परिवार जन तक भेजने का कष्ट करें ।

(नेता, जनता दल राजाराम पाण्डेय गुट को पुकारे जाने पर)

श्री अध्यक्ष–

वे नहीं हैं, माननीय नेता समता पार्टी ।

वन मंत्री (श्री रघुवर दयाल वर्मा)–

मान्यवर, सदन के भूतपूर्व सदस्यों श्री राम चरन शाह जी, श्री राम किशोर शुक्ल जी, श्री राज किशोर सिंह जी और श्री धमवीर सिंह जी के संबंध में सदन में जो शोकोद्गार मा० नेता सदन व नेता प्रतिपक्ष ने व्यक्त किये हैं, मैं उनसे अपने को और अपने दल को सम्बद्ध करता हूं । मान्यवर, इन चारों महानुभावों ने अपने-अपने जिलों में अपने-अपने क्षेत्रों में जो अभूतपूर्व काम किये हैं, किसानों, मजदूरों और गरीबों के लिए संघर्ष करके एक कीर्तिमान स्थापित किया । श्रीमन् मैं राज किशोर सिंह जी और श्री धर्मवीर सिंह जी को व्यक्तिगत रूप से जानता था उनका मेरा बहुत निकट का संबंध रहा है जिस प्रकार से उन्होंने हमारे प्रदेश में सेवा करके जो जन भवना का आदर्श प्रस्तुत किया है उन्हीं आदर्शों पर

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

चल करके, इस देश की सेवा करके, प्रेरणा लेते रहेंगे। श्रीमन्, इन्हीं शब्दों के साथ इन चार महानुभावों के परिवार तक, हमारे दल द्वारा व्यक्त शोक संवेदनाओं को पहुंचाने की कृपा करें।

श्री अध्यक्ष–

माननीय नेता सदन, माननीय नेता विरोधी दल तथा अन्य राजनैतिक दलों के माननीय नेतागण ने स्वर्गीय श्री राम चरन शाह, श्री राम किशोर शुक्ल, श्री राज किशोर सिंह तथा स्वर्गीय श्री ब वीर सिंह जी के बारे में जो शोकोद्गार प्रकट किये हैं, उनसे मैं भी अपने को सम्बद्ध करता हूं। समाज की संवेदनाओं को अपनी वाणी के माध्यम से इन दिवंगत आत्माओं ने न केवल इस सदन को ही सूचित किया, उनकी आवाज को उठाया वरन् सदन के बाहर भी राजनैतिक क्षेत्र में, शिक्षा सहकारिता के क्षेत्र में, सामाजिक आन्दोलन में अपनी भागीदारी करके अपने सामाजिक और राजनैतिक दायित्वों का भी निर्वहन किया। इस आरणीय सदन में जो संवेदनाएं व्यक्त की गई हैं, मैं उन सभी को दिवंगत आत्माओं के परिवार तक पहुंचा दूंगा। मेरा सभी लोगों से अनुरोध है कि दो मिनट मौन खड़े होकर हम इन दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए प्रार्थना करें।

(दिवंगत आत्माओं की शान्ति के लिए सभी सदस्य दो मिनट मौन खड़े हुए।)

नियम 311 की नियम 56 में परिवर्तित कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना

नेता विरोधी दल (श्री धनीराम वर्मा)–

मान्यवर, हमने जो प्रस्ताव दिया है, उस पर आप पहले चर्चा करवा दें।

श्री अध्यक्ष–

माननीय नेता विरोधी दल जी, मैं उसी पर आ रहा हूं। आप कृपा करके बैठ जाइये।

मुझे नियम–311 के अन्तर्गत कुछ सूचनायें प्राप्त हुई हैं। कुल 8 सूचनायें हैं जो माननीय सदस्यों द्वारा दी गई हैं। कुछ सूचनायें माननीय सदस्यों के अनुसार बहुत महत्वपूर्ण हैं। मैं प्रयास करूंगा कि सभी को ले लूं। जैसा कि मैंने आपसे अनुरोध किया कि एक बजकर पैंतालीस मिनट तक इन सूचनाओं को ले लूंगा इसलिये माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि वह संक्षेप में अपनी बात कहें ताकि इतने समय तक 3–4 सूचनायें हो जायं। पहली सूचना सर्वश्री धनीराम वर्मा, अम्बिका चौधरी, रामतेज यादव एडवोकेट, राम प्यारे, प्रभु नारायण सिंह यादव, शिवपाल सिंह यादव, गौरी शंकर एडवोकेट, राम सिंह सैनी, डा० कौशल किशोर, भीम प्रसाद सोनकर, मोतीलाल पैलवी, रामेश्वर सिंह, डा० बकार अहमद शाह, सरवर अली खां, श्याम किशोर यादव, नरेन्द्र सिंह भाटी, मुन्ना सिंह चौहान, सौलत अली, अशोक कुमार सिंह, योगेन्द्र कुमार, प्रेमपाल सिंह यादव (एक हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं है) की सूचना–प्रदेश की हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश, 1998 के माध्यम से नकल रोके जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में है। इसी संबंध में दूसरी सूचना सर्वश्री समर पाल सिंह, जगदम्बिका पाल, सुबाष चन्द्र श्रीवास्तव, पूरन सिंह बुन्देला जी की है। तीसरी सूचना भी इसी संबंध में सर्वश्री स्वामी प्रसाद मौर्य, प्रमोद कुमार और श्री रामजग जी की है।

प्रदेश की हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश, 1998 के माध्यम से नकल रोके जाने से उत्पन्न स्थिति विषयक नियम 311 की नियम 56 में परिवर्तित कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना

युवा कल्याण मंत्री (श्री अमर मणि त्रिपाठी)–

मान्यवर, व्यवस्था का प्रश्न है।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

(व्यवधान)

मान्यवर, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है । मान्यवर, भारत के इतिहास में यह एक ऐसा सत्र जो सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बुलाया गया था । उस सत्र में इस बात का परीक्षण करना था कि यह सरकार बहुमत में है.....

श्री अध्यक्ष–

यह कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है ।

(व्यवधान)

श्री अमर मणि त्रिपाठी–

[x x x]

श्री अध्यक्ष–

यह लिखा नहीं जायेगा आप कृपया बैठ जायें ।

(व्यवधान)

* श्री अम्बिका चौधरी–

यह सरकार मान्यवर, पूरे प्रदेश में अव्यवस्था फैला रही है और इसके मंत्रिगण भी सदन में भी अव्यवस्था फैलाना चाहते हैं .....

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष–

माननीय अमरमणि त्रिपाठी जी, आप कृपया बैठ जायें मैंने आपको अनुमति नहीं दी है । मुझे विश्वास है कि मैंने जो व्यवस्था दी है आप उसका अनुपालन करके बैठ जायेंगे । मैंने अभी माननीय नेता विरोधी दल को आमंत्रित कर दिया है ।

श्री अम्बिका चौधरी–

[x x x]

श्री लालजी वर्मा–

मान्यवर, जब आपने अपनी व्यवस्था दे दी है तो उसके खिलाफ कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाया जा सकता है ।

श्री अध्यक्ष–

मैंने इसीलिए उन्हें बैठने के लिए कह दिया है । आप भी कृपया बैठ जायें और सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलने दें ।

(व्यवधान)

नोट :– [x x x] यह अंश मा० अध्यक्ष के आदेशानुसार कार्यवाही से निकाल दिया गया ।

* वक्ता ने भाषण का पुनरीक्षण नहीं किया ।

उत्तर प्रदेश विधान सभा

*श्री जगदम्बिका पाल–

मान्यवर, चूंकि मेरे नाम का उल्लेख किया गया है इसलिए मैं इतना ही कहना चाहूंगा कि मैं एक बार तो इनके झांसे में आ गया अब दोबारा इनके झांसे में आने वाला नहीं हूं।

श्री अमर मणि त्रिपाठी–

चौबे जी छब्बे बनने गये थे लेकिन दूबे होकर लौटे।

श्री अध्यक्ष–

आप लोग कृपया शान्त रहें। मैंने माननीय नेता विरोधी दल को बुला लिया है।

नेता विरोधी दल (श्री धनीराम वर्मा)–

मान्यवर, मैं माननीय अम्बिका चौधरी जी को पहले बोलने के लिए प्राधिकृत करता हूं।

(व्यवधान)

(इस समय 1 बजकर 5 मिनट पर अधिष्ठाता डा० सरजीत सिंह डंग पीठासीन हुए।)

श्री अधिष्ठाता–

कृपया शात रहें।

श्री अम्बिका चौधरी–

मान्यवर, हम उस प्रश्न में नहीं जाना चाहते हैं जिसका मूल उद्देश्य व्यवस्था का प्रश्न खड़ा करके इस सदन को अव्यवथित करने का था। जो नियम–311 के अतर्गत सूचना मेरे द्वारा और अन्य विधायकों और माननीय नेता विरोधी दल जी द्वारा दी गयी है वह अति लोक महत्व और तात्कालिक है। मैं चाहूंगा कि इस तात्कालिक प्रश्न पर सदन के समक्ष नियमों को [illegible]म्बित करते हुए इस पर चर्चा करायी जाय। मैं बहुत ही संक्षेप में अपनी बात रखना चाहूंगा। मान्यवर, राज्यपाल महोदय को जो विधायी अधिकार दिये गये हैं वह आर्टिकल 213 में दिये हैं। उनके पीछे मंशा है कि सचमुच में कोई स्थिति पैदा हो जाय और इस सदन को जल्दी बुलाने की स्थिति न हो तो ऐसे तात्कालिक समय में अध्यादेश जारी करके उस कानून को लागू किया जाय। श्रीमन्, 18 तारीख को यह अध्यादेश प्रख्यापित किया गया और आज 24 मार्च को यह सदन बुला लिया गया था, जिसकी इसके पूर्व सूचना हो गयी थी। लेकिन इसके बावजूद इस अध्यादेश को लाये जाने की आवश्यकता इसलिए पड़ी चूंकि हाई स्कूल और इण्टरमीडिएट की परीक्षा शुरू हो गयी है, इसलिए एक आतंक का माहौल बनाने की योजना सरकार की है जिससे इस अध्यादेश को लाने की आवश्यकता पड़ी। इसलिए मेरा निवेदन है कि इसका नाम उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक जो प्रस्तुत किया जाने वाला है, जिसे नकल विरोधी कानून के नाम से भी आमतौर पर शिक्षा जगत से जुड़े लोग जानते हैं।

प्रदेश की सरकार एक बार पहले खारिज कर चुकी है और इसी सदन में इस पर चर्चा करके उसको निरस्त कर दिया गया था आज उसी पिटे हुए कानून को गलत मंशा से यह सरकार फिर लाने जा रही है जो बहुत ही खतरनाक है। मान्यवर, पिछली बार का जो अनुभव है इस काले कानून से बालक और बालिकाओं का भविष्य अन्धकारमय हो गया था उसे पुनः यह सरकार लाने की कोशिश कर रही है

जिससे यह सरकार सिद्ध करना चाहती है कि इससे शिक्षा के उन्नयन के लिए और उच्च स्तरीय शिक्षा में सुधार की बात होगी तो यह बात भ्रामक है । मान्यवर, मैं स्पष्ट रूप से कहना चाहता हूं कि हम नकल विरोधी हैं । लेकिन नकल की जो छात्र गलती करता है उसको सजा दी जाये किन्तु सजा देने के दूसरे प्राविधान हैं । लेकिन नकल करना अपराधी की श्रेणी में नहीं आता है । जैसे लोग गलती से नाखून चबाते हैं किन्तु उसकी यह सजा नहीं है कि उसकी उंगली काट ली जाये । यह नहीं हो सकता है । मान्यवर, इनका जो प्रयास है वह पूरी तरह से यह है कि जिन स्थानों को वह सुरक्षित करना चाहते हैं नकल के लिए, उसे वह इस कानून की आड़ में नकल कराने का काम यह सरकार करना चाहती है ।

श्री अधिष्ठाता–

माननीय सदस्य से मेरा अनुरोध है कि कई माननीय सदस्यों की सूचना है इसलिए कम से कम दो-तीन लोगों को इस प्रश्न पर बोलना है अतः आप अब समाप्त करें ।

श्री अम्बिका चौधरी–

मान्यवर, मैं समाप्त ही कर रहा हूं । मैं कह रहा था कि जो नकल करते हैं उनको उत्तर प्रदेश में शिक्षा अधिनियम में सजा देने के पहले से प्राविधान मौजूद हैं । यदि छात्र नकल करते हुए पकड़ा जायगा तो पहले उससे स्पष्टीकरण लिया जायेगा । और स्पष्टीकरण के बाद अगर दोष का भागी है, तो उसे अगले तीन वर्षों के लिए निकाल दिया जायेगा, वह परीक्षा में बैठ नहीं पायेगा । जो अध्यापक या दूसरे कर्मचारी हैं, जो अगर इस अपराध को कराने में शामिल हैं, तो उनको दण्डित किये जाने का प्राविधान है, तो इस कानून की क्या आवश्यकता है । तमाम लड़कियों को जेल भेजा गया है । उसकी सूची है और अगर आप आज्ञा देंगे तो उस सूची को लाकर मैं आपको दें सकता हूं । मान्यवर, इस अध्यादेश को लाकर केवल आतंक फैलाया गया है और ठेके पर नकल कराने के लिए इसको लाया गया है । इसलिए मान्यवर, मेरा निवेदन है कि इसको वापस किया जाये । यह बड़े महत्व का प्रश्न है, मेरा निवेदन है कि आप सदन के अन्य कार्यों को निलम्बित करके इस पर चर्चा करा दें ।

श्री अधिष्ठाता–

इसको नियम 56 में परिवर्तित कर दिया गया है ।

श्री अम्बिका चौधरी–

यह तो नियम 311 में था और माननीय अध्यक्ष जी ने मुझे नियम 311 में ही सुनने के लिए कहा है ।

श्री अधिष्ठाता–

सब सूचनायें नियम 56 में परिवर्तित कर दी गयी हैं ।

श्री अम्बिका चौधरी–

आप इस पर पुनर्विचार कर लें ।

श्री अधिष्ठाता–

मैं आपको बता रहा हूं कि सारी सूचनाओं को नियम 56 में परिवर्तित कर दिया गया है ।

श्री धनीराम वर्मा–

ऐसा नहीं, यह तय हुआ था कि नियम 311 में ही सुना जायेगा । ऐसा नहीं है ।

श्री अम्बिका चौधरी–

नियम 311 में सूचना है ।

श्री धनीराम वर्मा–

माननीय अध्यक्ष जी ने इसे नियम 311 में ही स्वीकार किया है ।

श्री अधिष्ठाता–

आप मेरी बात को सुन लें । मेरे पास उपलब्ध सूचना है, उसी को बता रहा हूं । मैंने अपने आप से कोई व्यवस्था नहीं दी है ।

श्री धनीराम वर्मा–

उन्होंने स्वयं नियम 311 में स्वीकार किया है । वहां पर तय हुआ था । अध्यक्ष जी ने कहा है कि नियम 311 में सुनूंगा ।

श्री अम्बिका चौधरी–

माननीय अध्यक्ष जी ने मुझे 311 में सुनना प्रारम्भ किया, उसके बाद आप आये हैं, बीच में यह कैसे बदल गया है ।

श्री राम तेज यादव एडवोकेट–

मान्यवर, मेरा नाम भी है ।

* श्री अवधेश प्रसाद–

मान्यवर, व्यवस्था का प्रश्न है ।

श्री अधिष्ठाता–

जो सूचना देने वाले सदस्य हैं उनकी श्रृंखला बहुत लम्बी है । अगर केवल इसी सूचना पर सभी माननीय सदस्यों को सुना जायेगा, जितने लोगों ने इस सूचना पर हस्ताक्षर किये हैं, तो सम्भवतः शाम तक यही विषय चलेगा ।

(शोर)

श्री अम्बिका चौधरी–

मान्यवर, यह विषय बहुत गम्भीर है इसको समय सीमा में न बांधें ।

श्री अवधेश प्रसाद–

मान्यवर, एक व्यवस्था का प्रश्न है ।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया ।

श्री धनीराम वर्मा–

अधिष्ठाता महोदय, मेरी बात सुन लें । अध्यक्ष जी से आप बात कर लीजिये । यह तय हुआ था नकल अध्यादेश जो आया है उस पर सवा घण्टे सुना जायेगा । आप पहले बात कर लीजिये । उसके बाद आप कहें ।

श्री अधिष्ठाता–

मैं अपनी बात कह दूं । या तो माननीय नेता विरोधी दल आप और अन्य दलों के नेताओं को ग्राह्यता पर सुन लूं । अगर सबको, जिनके नाम से सूचना आयी है, सुना जायगा तो कठिनाई होगी । अगर आप एक ही सूचना पर बोलना चाहते हों तो कोई दिक्कत नहीं है ।

श्री सुधाकर सिंह–

मान्यवर, यह सरकार अध्यादेश को वापस ले ले तो बहस का कोई मामला नहीं बनेगा । आप नेता सदन को वापस लेने के लिए आदेशित करें ।

श्री अवधेश प्रसाद–

मान्यवर, व्यवस्था का प्रश्न है । 311 के अन्तर्गत यह जो मामला आया है यह इतना गम्भीर है कि अगर गम्भीरतापूर्वक इस पर चर्चा और विचार नहीं किया गया तो सारा प्रदेश जल जायगा ।

श्री अधिष्ठाता–

आपका व्यवस्था का प्रश्न क्या है ? (शोर)

श्री अवधेश प्रसाद–

1994 में माननीय मुलायम सिंह ने एक सेकेण्ड में इस कानून को समाप्त कर दिया था । जल्दबाजी में यह कानून लाया गया है । इसको हल्केपन से नहीं लेना चाहिए । यह छात्रों का सवाल है । [x x x]

श्री अधिष्ठाता–

यह कार्यवाही में नहीं लिखा जायेगा ।

(समय 1 बजकर 20 मिनट)

(घोर व्यवधान)

श्री अवधेश प्रसाद–

[x x x]

श्री अधिष्ठाता–

यह कुछ नहीं लिखा जायेगा ।

श्री राम तेज यादव एडवोकेट–

मान्यवर, नकल विरोधी अध्यादेश पर पहले भी चर्चा हुई थी और आज मैं आपके संज्ञान में इसलिये ला रहा हूं कि मौजूदा सरकार .....

(कई सदस्यों के एक साथ बोलने पर व्यवधान)

नोट :–[x x x] यह अंश श्री अधिष्ठाता के आदेशानुसार कार्यवाही से निकाल दिया गया ।

श्री अवधेश प्रसाद–

मान्यवर यह ज्वलंत समस्या है। विधान भवन के बाहर शिक्षक धरने पर बैठे हैं। जब हम यहां से अपने क्षेत्रों में जायेंगे तो हमें जनाक्रोश का सामना करना पड़ेगा। इस विषय पर इधर के भी और उधर के भी सदस्य चिन्तित हैं और इसलिये यह प्रश्न उठाया है।

(व्यवधान)

* श्री मुराद लारी–

मान्यवर, आपको उस कुर्सी पर बैठकर फैसला करना चाहिये। आप पार्टी की मानसिकता के आधार पर कह रहे हैं।

श्री अधिष्ठाता–

आप कृपया अपने वाक्य पर विचार करें। इस तरह की भाषा का प्रयोग न करें।

श्री रामतेज यादव एडवोकेट–

मान्यवर, नकल विरोधी अध्यादेश पर पहले भी चर्चा हुई थी। यह सभी के संज्ञान में है कि मौजूदा सरकार पहले भी एक बार इसे लाई थी और उसी में यह सरकार चली गई थी। अब दूसरी बार यह इसे लाकर यह साबित करने की कोशिश कर रही है कि हम अपना कानून बना सकते हैं। आज छात्र छात्राओं, अभिभावकों, प्रदेश की सम्पूर्ण जनता ने इसे तिरस्कृत कर दिया है। यह अध्यादेश लाकर यह कौन सा सन्देश देना चाहते हैं ? छात्र, छात्राओं को हथकड़ी पहनाकर, सबको दण्डित करके कचहरी में ले जाना चाहते हैं। शिक्षा मंत्री जी दिल से दुखी हैं। न जाने किसके दबाव में आकर यह अध्यादेश जारी किया गया है। मैं इसलिये यह आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि जब हाउस आपके सामने आ रहा है तो उस बीच में ऐसी क्या जरूरत पड़ गई कि अध्यादेश को जारी किया गया। मैं अपने जनपद की बात बता रहा हूं वहां 3 हजार छात्र छात्रायें हैं परीक्षा केन्द्र के पास किसी को जाने नहीं देंगे उनको हथकड़ी डाल देंगे। जो इस सरकार के विरुद्ध है तो उसको पकड़कर बन्द कर देंगे।

मान्यवर, एक बार यह सरकार इस अध्यादेश को लागू करके भोग चुकी है। पढ़ाई का इन्तजाम आप कर नहीं सकते हैं। स्कूल कालेज हैं तो वहां अध्यापक नहीं हैं और नकल विरोधी अध्यादेश लाकर किस प्रकार से शिक्षा दे रहे हैं। आज ऐसे भय के वातावरण में तरक्की नहीं हो सकती। छात्र छात्रायें अभिभावक सबमें भय व रोष है। मान्यवर, यह लोक महत्व का प्रश्न है। सब चीजों को रोक कर चर्चा की जाय ताकि जनता जान सके कि इस विधान सभा में सरकार में जो भानमती का कुनबा है इसमें लोग कैसे हैं।

(व्यवधान)

श्री समरपाल सिंह–

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि–

(व्यवधान)

---

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

श्री अम्बिका चौधरी–

नोटिस में हमारे नाम हैं ।

श्री धनीराम वर्मा–

मैं यह जानना चाहता हूं जो नोटिस दी गई उसी पर सुन रहे हैं ।

(व्यवधान)

श्री अधिष्ठाता–

इनकी भी सूचना इसी विषय पर है ।

श्री गौरी शंकर एडवोकेट–

सूचना पर जिनके हस्ताक्षर हैं पहले उनको सुन लिया जाय ।

श्री अधिष्ठाता–

सूचना पर समरपाल जी के भी हस्ताक्षर हैं ।

श्री अम्बिका चौधरी–

इस नोटिस पर जिनके नाम हैं, जिन्होंने हस्ताक्षर किये हैं पहले उनको सुन लें फिर दूसरे माननीय सदस्यों को सुनें ।

(व्यवधान)

श्री अधिष्ठाता–

उनको अपनी बात कहने दें आपको भी अवसर दिया जायगा ।

श्री समरपाल सिंह–

श्रीमन्, यह समझ में नहीं आता है कि सरकार अध्यादेश के माध्यम से क्या कहना चाहती है ?

श्री गौरी शंकर एडवोकेट–

समय समाप्त हो जायगा, पहले दूसरे फिर तीसरे दल को लेंगे इस तरह तो इस दल का नम्बर ही नहीं आयेगा ।

श्री अम्बिका चौधरी–

इस नोटिस पर समाजवादी पार्टी के जिन सदस्यों ने हस्ताक्षर किये थे इस पीठ के पास नाम चले गये अगर उन माननीय सदस्यों को इनके बाद सुन लें तो हमको आपत्ति नहीं है लेकिन यदि क्रम समाप्त करके दूसरी नोटिस ले रहे हैं तो हमें कहना पड़ेगा ।

श्री अधिष्ठाता–

इतनी देर में तो समरपाल जी बोल लेते ।

(व्यवधान)

श्री समरपाल सिंह–

मान्यवर, किसी भी सरकार, कल्याणकारी सरकार का दायित्व है कि समाज को सही दिशा दें । यह सरकार शिक्षकों का मनोबल गिराकर छात्र-छात्राओं को जेल भेज कर समाज में क्या करना चाहती है ? नकल अध्यादेश की क्या जरूरत है ? यदि कोई छात्र छात्रायें नकल करते हैं तो उसके लिये बोर्ड नियमों में प्राविधान है यह एक अनुशासनहीनता है । अगर छात्र छात्रायें नकल करते हैं तो बोर्ड के नियमों के

तहत कार्यवाही होगी । उसको परीक्षा देने से रोका जा सकता है दो तीन साल के लिये परीक्षा से उसका बहिष्कार भी किया जा सकता है । लेकिन किसी छात्र छात्रा को जेल में डालकर तीन महीने की जेल करके क्या समाज सुधार कर सकेंगे ? छात्र-छात्रायें देश का भविष्य हैं यह सरकार चाहती है प्रदेश के अन्दर अपराधीकरण को बढ़ावा मिले । यह शिक्षकों का मनोबल डाउन कर रहे हैं । शिक्षक धरना दिये हैं । पांचवें वेतन आयोग में शिक्षकों के साथ न्याय नहीं किया गया । वह आन्दोलन के लिये बाध्य हो गये । एक शिक्षक के ऊपर पुलिस वाले को बिठा दिया है । शिक्षकों पर विश्वास नहीं है । अगर पुलिस वाले नकल करायेंगे तो कौन रोकेगा ? पुलिस इंस्पेक्टर का लड़का परीक्षा देगा तो कांस्टेबिल नकल करायेगा, उसको कौन रोकेगा ? शिक्षक रोकेगा तो वह कहेंगे नकल करा रहा था । अगर किसी प्रधानाचार्य से प्रशासन के लोग नाराज हैं अगर उन्होंने किसी के कंडीडेट का एडमीशन नहीं किया है तो उसके ऊपर नकल कराने का अभियोग लगाकर उसको जेल में बन्द कर देंगे और कह देंगे कि नकल करा रहे थे तथा नकल अध्यादेश का उल्लंघन कर रहे थे । पिछली बार जब इस कानून को लगाया गया था तो कई छात्र/छात्राओं ने आत्महत्या तक कर ली थी ? जो छात्रायें जेल में जायेंगी उनकी शादी कैसे होगी ? इस अध्यादेश से समाज का अपराधीकरण होगा । जिन लोगों से समाज का नव निर्माण होना चाहिये उनको जेल में बन्द करने का काम किया जा रहा है । यह कानून समाज विरोधी है, प्रदेश विरोधी है यह भावी पीढ़ी को नष्ट करने के लिये है । मैं आपसे आग्रह करूंगा कि इस पर चर्चा करवा लें ।

श्री धनीराम वर्मा–

मान्यवर, चन्द्रेश पासवान जो सदन की कार्यवाही में भाग लेने के लिये पुलिस अभिरक्षा में यहां पर आ गये हैं उनको बाहर रोक लिया गया है । कृपया उनको सदन के अन्दर बुलवा लीजिये जब सदन की कार्यवाही में भाग लेने के लिये ही यहां वह आये हैं तो उनको अन्दर बुलाया जाये ।

श्री अधिष्ठाता–

इस मामले पर श्री अध्यक्ष जी निर्णय देंगे ।

श्री अम्बिका चौधरी–

वह एन०एस०ए० में निरुद्ध हैं । सदन की कार्यवाही में भाग लेने के लिये उनको नैनी जेल से यहां लाया गया है । उनको पुलिस यहां नहीं आने दे रही है जिस कार्य के लिये यहां लाया गया है उस अधिकार का वह उपयोग करें । उस अधिकार का हनन न हो ।

श्री राम प्यारे–

मान्यवर, मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि जो हमारे पूर्व वक्ताओं के नकल विरोधी अध्यादेश के सम्बन्ध में अपनी बातें रखीं उनसे अपने को सम्बद्ध करते हुए कहना चाहता हूं । इस अध्यादेश से सरकार की मंशा साफ है कि वह अपने बच्चों को स्कूलों के चुने हुए कमरों में परीक्षा दिलाने का काम करेगी तथा गरीब एवं किसान मजदूर के बच्चों को जेल भेजने का काम करेगी । अगर सरकार को आम बच्चों के भविष्य की चिन्ता होती तो वह देखती कि बच्चों को सही शिक्षा दी जाए । अध्यापक विद्यालयों में पढ़ाने गए कि नहीं इसका सरकार की न कोई सोच है न कोई व्यवस्था है । नकल के सम्बन्ध में पहले से ही संविधान में व्यवस्था है कि यदि कोई बच्चा नकल करता हुआ पकड़ा जाता है तो उसे एक या दो वर्ष के लिए परीक्षा से निकाल दिया जाता था । परीक्षा से वंचित रखा जाता

है । इस कानून के द्वारा यह किया गया है कि शासन में बैठे हुए लोगों के बच्चों को नकल कराई जाएगी और वही व्यवस्था होगी कि किसी प्रकार से पुलिस व्यवधान न उत्पन्न करे जिससे इनके बच्चों का नकल करने में भरपूर सुविधा मिल सके । इनकी नीयत साफ नहीं है । 14-15 साल के बच्चों को, मानसिक रोग व शारीरिक रूप से तंग करने के लिए यह काला कानून लाया गया है । इसलिए मैं अपनी तरफ से यह मांग करता कि इस काले कानून को वापस लिया जाए तथा सभी बच्चों को समान शिक्षा दिलायी जाए

श्री जगदम्बिका पाल–

माननवर, मेरी एक सूचना अलग से है ।

श्री शिवपाल सिंह यादव–

माननीय अधिष्ठाता जी, जो इस सरकार द्वारा नकल अध्यादेश लाया गया है उसमें इनकी मंशा ठीक नहीं है, अगर मंशा ठीक होती तो विद्यार्थियों की शिक्षा का प्रबन्ध होता, स्कूल की बिल्डिंग का प्रबन्ध होता । लेकिन इस सरकार की मंशा हमारे नौनिहालों को 13–14 साल के छात्र-छात्राओं को जेल भेजने की है । स्कूलों के प्रबन्धक एवं प्रबन्ध समिति के लोग जिन्होंने कई वर्षों तक लगातार मेहनत करके स्कूलों को स्थापित किया है, उसको चलाया है तथा अच्छी शिक्षा देने की उनकी मंशा है लेकिन इस सरकार की मंशा अध्यापकों से लेकर प्रबन्ध तंत्र के लोगों को जेल भेजने की है । आपके सामने पिछला उदाहरण है कि जब नकल अध्यादेश लगा था तो हमारे 13–14 साल के छात्र-छात्राओं को जेल जाना पड़ा था । हमारी कई छात्राओं ने तो जेल से निकलने के बाद आत्महत्या तक कर ली थी उसका कारण था कि एक बार जेल जाने के बाद उनकी शादी व्याह नहीं हो पाती थी । आज इस काले कानून के द्वारा यह सरकार छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने जा रही है । माननीय अधिष्ठाता महोदय, यह नकल अध्यादेश वापस लिया जाये और इस पर चर्चा कराई जाये । इस काले कानून के द्वारा छात्रों और अध्यापकों का मनोबल गिराने का काम किया जा रहा है । हमारे छात्र-छात्राओं को जेल भेजा जा रहा है जहां उन्हें अपराधियों के साथ रखा जायेगा जिससे उनका भविष्य अन्धकारमय होगा । इसलिये मेरा निवेदन है कि शीघ्र ही इस काले कानून को वापस लिया जाये ।

श्री जगदम्बिका पाल–

माननीय अधिष्ठाता महोदय, आपने इस महत्वपूर्ण विषय की ग्राह्यता पर बोलने का अवसर दिया है इसके लिये मैं आपका आभारी हूं । श्रीमन्, परीक्षाओं की पवित्रता राजनीति का विषय नहीं है । किसी भी पक्ष की तरफ से परीक्षाओं की पवित्रता, विद्या परिसरों में शैक्षिक वातावरण हो, शिक्षा उन्नयन हो, मैं समझता हूं कि कदाचित इस पर पूरा सदन सहमत होगा । जिस दिन इस अध्यादेश को लाया गया मंत्रि परिषद् के फैसले के बाद मैंने माननीय मुख्य मंत्री जी को मीडिया में देखा, उन्होंने कहा कि सदन 24–3–98 से प्रारम्भ होगा और उसी दिन से परीक्षायें प्रारम्भ हो रही हैं इसलिये यह अध्यादेश लाना हमारी मजबूरी हो गई थी । अगर माननीय मुख्य मंत्री जी की मंशा साफ होती तो माननीय मुख्य मंत्री जी सभी दलों के नेताओं की एक बैठक बुला सकते थे, उस पर चर्चा कर सकते थे लेकिन इनकी मंशा साफ नहीं थी । इस नकल विरोधी अध्यादेश के कारण हमारी तमाम छात्राओं ने आत्महत्या तक कर ली थी ।

श्री अधिष्ठाता–

माननीय पाल जी, संक्षेप में अपनी बात कहें ।

श्री जगदम्बिका पाल–

माननीय अधिष्ठाता महोदय, यह अत्यन्त लोक महत्व का विषय है, पूरे प्रदेश के छात्र आज डिग्रियां ले करके घूम रहे हैं। यह सरकार उनके रोजगार के लिये कोई व्यवस्था नहीं कर रही है। जिन छात्राओं की शादियां निर्धारित हैं, अगर उनको जेल भेज दिया गया, तो क्या वह बहन डोली में बैठकर ससुराल जा पायेगी ? मैं समझता हूं कि आज पूरे प्रदेश के लिये यह नकल अध्यादेश शर्म की बात है। इस अध्यादेश का दुरुपयोग भी होगा, जिन शिक्षकों अभिभावकों की पुलिस से रंजिश होगी, वह इसके बहाने से उनको जेल में भेज सकते हैं। मैं आपसे आग्रह करूंगा कि सारे नियमों को निलम्बित करके इस पर आज चर्चा कराई जाये।

श्री राम सिंह सैनी–

मान्यवर, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे नकल अध्यादेश जैसे महत्वपूर्ण विषय पर हो रही चर्चा में बोलने का अवसर दिया। मैं कहना चाहता हूं कि शिक्षा का उद्देश्य हमारे छात्र और छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है लेकिन मैं समझता हूं कि यह शासन में बैठे हुये लोग एक तरह से मद में चूर हो गये हैं और इस तरह के काले कानून लाये जा रहे हैं। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आप भी विद्यालय में पढ़े हुये हैं और शिक्षा ग्रहण की है। मैं भी काफी लम्बे समय तक विद्यालय का प्राचार्य रहा हूं लेकिन कभी भी उस समय कोई भी छात्र नकल करने का दुस्साहस नहीं करता था। आज छोटे–छोटे बच्चों को 12–14 साल के छात्र-छात्राओं को जेल में भेजा जायेगा, उनकी जब तक जमानत होगी, तब तक उनको थाने पर रखा जायेगा, इस तरह से भारतवर्ष की संस्कृत में, इसके गम्भीर परिणाम होंगे और छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो जायेगा।

माननीय अधिष्ठाता महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि यह सरकार शिक्षकों के उन्नयन के लिये, शिक्षा के उन्नयन के लिये कोई निर्णय नहीं ले रही है। जब तक शिक्षकों के वेतन का मामला, प्रमोशन का मामला अधर में डाला जायेगा, जब तक शिक्षक संतुष्ट नहीं होगा, तब तक शिक्षा का वातावरण नहीं बन सकता। यदि कोई शिक्षक किसी पुलिस वाले के छात्र को नकल नहीं करायेगा तो इस काले कानून के तहत उसको भी जेल भेजा जायेगा। मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आज सारे काम रोक कर इस विषय पर चर्चा कराई जाय।

श्री प्रमोद कुमार–

माननीय अधिष्ठाता महोदय, मैं सबसे पहले नकल अध्यादेश के बारे में अपने दल के विचार स्पष्ट कर देना चाहता हूं। सम्पूर्ण विपक्ष की यह इच्छा है कि नकल रुके, नकल का पक्षधर कोई नहीं है, लेकिन मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हं कि मैं माननीय मुख्य मंत्री जी से अपेक्षा करता था कि जब वह इस अध्यादेश को लेकर आये थे, उससे पहले सम्पूर्ण सदन को विश्वास में लेते, सभी दल के नेताओं को बुलाते और इसे जारी करने से पहले हम सभी के विचार जान लेते। मान्यवर, इस सरकार को इस नकल अध्यादेश को जारी करने का नैतिक अधिकार इसलिए नहीं है, क्योंकि इस सरकार ने बहुत सी जगहों पर शिक्षकों की नियुक्ति नहीं की है, बहुत सी जगहों पर नियमित कक्षायें नहीं चलायी गयी हैं। इस सरकार ने यह भी देखने की प्रयास नहीं किया कि छात्र-छात्राओं को समुचित शिक्षा दी जा रही है अथवा नहीं। चयन आयोग को भंग कर दिया गया है, नये शिक्षक नियुक्त नहीं हो सकते, अध्यापकों को विषय का ज्ञान नहीं है, बहुत से विद्यालय ऐसे हैं, जहां पढ़ाई नहीं हो रही है, शिक्षण सत्र भी नियमित नहीं है और नकल अध्यादेश लाया जा रहा है, इससे छात्र को एक अच्छा नागरिक

नहीं बनाया जा रहा है बल्कि इस सरकार की मंशा यह है कि छात्र-छात्रायें अपराधी बनें । मान्यवर, मेरी मंशा भी यही है कि नकल रुके । लेकिन इस तरह से अध्यादेश लागू करके नकल को नहीं रोका जा सकता है, नियमों का कड़ाई से पालन करके नकल को रोका जा सकता है । मैं आपसे मांग करता हूं कि नकल अध्यादेश को वापस लिया जाय और सभी दल के नेताओं को बुलाकर, विचार करके एक नया कानून बनाया जाय ।

श्री गौरी शंकर एडवोकेट–

मान्यवर, मैं आपका आभारी हूं कि आपने इस गम्भीर मामले पर मुझे विचार व्यक्त करने का अवसर दिया । मान्यवर, आज आवश्यकता इस बात की थी कि सरकार प्रदेश के उन स्कूलों के बारे में चिन्तन करती जिनके पास भवन नहीं है, जिनके पास अध्यापक नहीं हैं हमारे विद्यार्थियों के लिए चरित्र निर्माण की अन्य योजनायें नहीं हैं । मैं उन बातों को दोहराना नहीं चाहता जिनका जिक्र हमारे साथियों ने किया है । आज छात्र अपना चरित्र निर्माण कैसे करें, हमें इस बात की चिन्ता करनी चाहिए थी, हम इक्कीसवीं शताब्दी के नागरिक कैसे बनेंगे ? मान्यवर, बीसवीं शताब्दी में क्या कमियां रही हैं उनको दूर करते हुए नई शिक्षा नीति की घोषणा होती जिससे प्रदेश का विकास होता, इस पर ध्यान नहीं दिया गया । मान्यवर, पिछले दिनों इस कानून को उत्तर प्रदेश की जनता नकार चुकी है और पूरा प्रदेश इसे लेकर उद्वेलित हो चुका है । जिन लड़कियों के हथकड़ियां पड़ी उनकी शादियां नहीं हो पायीं और उन्होंने आत्महत्या कर डाली उनके संरक्षकों को अपमानित और उत्पीड़ित किया गया ।

मान्यवर, पिछली सरकार के उस कानून को उसके बाद की सरकार ने समाप्त कर दिया था क्योंकि उत्तर प्रदेश की जनता ने उसे नकार दिया था । अब आपकी यह प्रेस्टिज बनी हुई है कि एक बार जो व्यवस्था आपने लागू की और दूसरी सरकार ने उसे खत्म कर दिया तो पुनः आप उस व्यवस्था को लागू करेंगे । मुझे लगता है कि आप इस प्रदेश की जनता को पुनः उद्वेलित करना चाहते हैं । आपके पास कोई ऐसी नीति नहीं है जिसके अनुसार आप भावी पीढ़ी का चरित्र निर्माण कर सकें । शिक्षकों के हित की योजनाओं को लागू करने की बात शासन में सर्वोच्च वरीयता पर होनी चाहिए थी इन सबका ध्यान न रखते हुए आपने उसी पुरानी व्यवस्था को लागू करने का प्रयास किया है इसके प्रति हम लोग भी आन्दोलित हैं और इसलिए आपका ध्यान आकर्षित किया है नियम 311 के अन्तर्गत इसको लाकर मैं मांग करता हूं कि इस लोक महत्व के विषय पर पूरे दिन भर चर्चा करायी जाय और जो शिक्षा के चिन्तन का नवनीत निकले, उस व्यवस्था को लागू किया जाय ।

श्री सुबाष चन्द्र श्रीवास्तव–

माननीय अधिष्ठाता महोदय, मैं आभारी हूं कि इस लोक महत्व के अत्यन्त महत्वपूर्ण प्रश्न पर आपने मुझे बोलने का मौका दिया । मान्यवर, विगत दिनों उत्तर प्रदेश की सरकार ने परीक्षाओं में अनुचित साधनों को रोकने के लिए जो अध्यादेश प्रख्यापित कराया, मुझे सख्त एतराज उस अध्यादेश को जारी करने के लिए सरकार की तबियत और नीयत पर है । हम और हमारा दल शिक्षा के स्तर की गिरावट के प्रति चिन्तित है । हम भी यह चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश में शिक्षा के स्तर के उन्नयन में, स्वस्थ्य वातावरण के निर्माण में प्रदेश के अन्दर सर्वाधिक पहल होनी चाहिए लेकिन मेरा सख्त एतराज है कि जिस शीघ्रता के साथ उत्तर प्रदेश की सरकार ने जो अध्यादेश प्रख्यापित करके जो वातावरण इस उत्तर प्रदेश में बनाने का कार्य किया है ।

श्री अधिष्ठाता–

जो बात कही जा चुकी है उसे न दोहरायें । सबको थोड़ा-थोड़ा समय देना चाहता हूं ।

श्री सुबाष चन्द्र श्रीवास्तव–

मान्यवर, मैं निर्धारित समय के अन्दर ही अपनी बात समाप्त करूंगा । मान्यवर, इस अध्यादेश के चलते उत्तर प्रदेश की सरकार की नीयत पर जो मैंने एतराज जाहिर किया है उसके पीछे मेरा मत यह है कि जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश के सभी विद्यालयों में शिक्षा सत्र नियमित नहीं रहा है, विद्यालयों में शिक्षक नहीं है, विद्यार्थियों की प्रयोगशालाओं में उपकरण नहीं, विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए जो तैयारी होनी चाहिए थी उसके लिए जो सरकार का अपना उत्तरदायित्व था उनकी जिम्मेदारी थी उसका निर्वाह उत्तर प्रदेश की सरकार ने नहीं किया वहीं इस अध्यादेश के माध्यम से आज यह सरकार परीक्षाओं में आतंक पैदा करने का काम कर रही है । इससे स्पष्ट है कि छात्रों को स्वस्थ्य नागरिक बनाने की उसकी नीयत नहीं है । मेरा मत है कि इस सदन में चर्चा कराई जाय और इस अध्यादेश को रोकने के लिए आप सरकार को निर्देश दें ।

श्री राम जग–

मान्यवर, यह जो नकल विरोधी विधेयक लाया गया है ।

संसदीय कार्य पंजीयन, मनोरंजन कर स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, 1.50 बजे औपचारिक कार्य लिये जाने हैं 2 बजे सप्लीमेंटरी आनी है ।

श्री अधिष्ठाता–

ठीक है, एक वक्तव्य और दिलवाकर आप को बुलवा लेते हैं ।

श्री राम जग–

मान्यवर, उत्तर प्रदेश में शिक्षा का वातावरण बेहतर हो यह हम सब चाहते हैं लेकिन जिस तरह से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नकल विरोधी काला कानून लाया गया है, यह एक तरह से उत्तर प्रदेश विधान सभा का अपमान है । मान्यवर, यह ज्ञात था कि 24 तारीख से सत्र प्रारम्भ होने वाला है इसके पहले ही आप यह अध्यादेश ले आये बोर्ड की परीक्षायें आज से शुरू हो रही हैं । मान्यवर, शिक्षा की क्या स्थिति है छात्रों की फीस बढ़ा दी गयी है शिक्षकों के स्थान रिक्त हैं उनको भरा नहीं गया है शिक्षा की कोई बेहतर व्यवस्था नहीं की गई है और दूसरी तरफ बिना सदन को विश्वास में लिये हुए यह जो अध्यादेश जारी किया गया यह विधान सभा का और माननीय सदस्यों का अपमान है । मान्यवर, केरल में शिक्षा पर वहां की सरकार ज्यादा धन खर्च करती है शिक्षा फीस मुक्त है इसी तरीके से पश्चिम बंगाल में वहां की सरकार शिक्षा पर ज्यादा धन खर्च करती है । उत्तर प्रदेश में शिक्षा पर 10 प्रतिशत ही खर्च नही होता है ।

मान्यवर, पंचम वेतन आयोग की सिफारिशें शिक्षा जगत में लागू नहीं की । अध्यापकों ने जब इसका विरोध किया तो उनको प्रताड़ित करने के लिए यह नकल विरोधी अध्यादेश आप ने जारी किया इस तरह से छात्रों के उत्पीड़न के लिए उनको प्रताड़ित करने के लिए यह अध्यादेश आप ने जारी किया है । आप इस अध्यादेश को वापस लें और सदन को इस पर विश्वास में लें हमारे विचारों को सुना जाय इस प्रश्न पर चर्चा कराई जाय ताकि शिक्षा में गुणात्मक सुधार हो और नकल को रोकने के लिए बेहतर

ढंग से कोई रास्ता ढूंढा जा सके । इस पर आज चर्चा कराई जाये और इस अध्यादेश को वापस लिया जाय ।

(इस समय 1 बजकर 50 मिनट पर श्री अध्यक्ष पुनः पीठासीन हुए ।)

श्री अध्यक्ष–

जैसा कि माननीय सदस्यों को ज्ञात है कि 1.45 बजे यह जो नियम 311 की सूचना है और जो कार्यसूची में औपचारिक कार्य है उनको लिये जाने की बात थी यदि आप लोग इसमें अनुमति दे दें, इसी तरीके से 2.00 बजे अनुपूरक अनुदान प्रस्तुत की जानी हैं ।

श्री अम्बिका चौधरी–

मान्यवर, 2.00 बजे समय पर जो मद आनी है उसमें समय बढ़ा दें ।

श्री अध्यक्ष–

2.00 बजे प्रस्तुत करा देतें हैं मद संख्या 26-27 ले लेंगे ।

श्री धनीराम वर्मा–

मान्यवर, पहले इसको समाप्त हो जाने दीजिए मैं स्वयं भी इस पर नहीं बोल पाया हूं ।

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य–

श्रीमन्, नकल अध्यादेश अगर नकल रोकने की नीयत से लाया जाता तो हम इसका स्वागत करते परन्तु यह नकल अध्यादेश इस प्रदेश में एक ऐसे काले कानून के रूप में लाया जा रहा है जैसे-रामराज्य काल में शिक्षा से वंचित करने के लिए शम्बूक का सिर काट दिया गया था । और महाभारत काल में एकलव्य का अगूंठा काट दिया गया था । आज उसी प्रकार से दबे, कुचले, गरीब और बहुजन समाज के विद्यार्थियों को शिक्षा से वंचित करने के लिए इस नकल अध्यादेश विरोधी कानून का सहारा लेकर उन्हें अपराधी बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है । यह कानून दुर्भावनाओं से ग्रसित है और दबे, कुचले, गरीब आर बहुजन समाज के छात्रों को अपराधी बनाकर उन्हें जेलों में ठूसकर उनकी जिन्दगी को बर्बाद करने का काम किया जा रहा है ।

मान्यवर, इस परिप्रेक्ष्य में मैं यह भी कहना चाहूंगा कि अगर आज की शिक्षा व्यवस्था ठीक होती और विद्यालयों में शिक्षा की पूरी व्यवस्था होती, अध्यापक होते, प्रयोगशालाए होतीं तो इस नकल अध्यादेश को लाने की आवश्यकता ही नहीं होती । मान्यवर, नकल हमेशा प्रोटेक्टेड लोगों के परिवार जनों ने ही किया है । जिनके गार्जियन अध्यापक होते हैं या जिन विद्यार्थियों के मां-बाप बड़ी हैसियत रखते हैं वही लोग नकल करवाते हैं । खेत-खलिहान से निकला हुआ छात्र कभी नकल नहीं करता । वह अपने परिश्रम और मेहनत से तथा पढ़ाई से आगे बढ़ता है । इसलिए मेरा कहना है कि यह जो अध्यादेश लाया जा रहा है वह नकल रोकने की मंशा से नहीं लाया जा रहा है अपितु उन गरीब परिवार के बच्चों को अपराधी बनाने की दिशा में लाया जा रहा है इसलिए हमारा कहना है कि इस काले कानून को रोका जाये । और इस काले कानून के माध्यम से जो गन्दा खेल खेलने का काम सरकार कर रही है, उस पर अंकुश लगाया जाये ।

मान्यवर, माननीय उच्च शिक्षा मंत्री यहां बैठे हैं एक साल पहले पोस्ट ग्रेजुएट कालेज का आपने उद्घाटन किया था लेकिन आज तक वहां पर कोई व्यवस्था नहीं है । इसलिए सबसे पहले आप अपनी

व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करें इस अध्यादेश के द्वारा विद्यार्थियों के जीवन के साथ खिलवाड़ न करें। विद्यार्थियों को जेलों में ठूसकर उन्हें अपराधी बनाने की दिशा में जो काम किया जा रहा है उस पर अविलम्ब अंकुश लगाया जाये।

श्री अध्यक्ष–

इस समय दो बज रहे हैं।.....

श्री लालजी वर्मा–

मान्यवर, क्या नियम-311 के अन्तर्गत कुछ और भी सूचनायें हैं ?

श्री धनीराम वर्मा–

मान्यवर, मैं संक्षेप में अपनी बात कहूंगा।....

श्री अध्यक्ष–

मुझे दो बजे अनुपूरक अनुदानों की मांगों का विवरण प्रस्तुत करना है।

श्री धनीराम वर्मा–

आप इसके बाद उसको ले लेंगे।

श्री अध्यक्ष–

पहले प्रस्तुतीकरण हो जाने दीजिये। कई माननीय विधायक और भी विषय पर अपने विचार प्रकट करना चाहते हैं। आज की समय की कठिनाई को देखते हुए मद संख्या 5 से 25 बाद में लेते हैं। पहले हम मद संख्या–26 ले रहे हैं। उसके बाद आपको समय मिलेगा।

वित्तीय वर्ष 1997-98 की द्वितीय अनुपूरक अनुदानों की मांगों का विवरण †

मुख्य मंत्री (श्री कल्याण सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से वित्तीय वर्ष 1997-98 की द्वितीय अनुपूरक अनुदानों की मांगों का विवरण, प्रस्तुत करता हूं।

श्री अध्यक्ष–

प्रतियां वितरित की जायं।

(प्रतियां वितरित की गयीं)

मद संख्या–27 में बहुत अधिक नहीं है। पहले इसे ले लिया जाय।

नेता, विरोधी दल (श्री धनीराम वर्मा)–

मान्यवर, पहले नियम-311 हो जाने दीजिये। इस पर बहुत अधिक सदस्य अब बोलने को नहीं रह गये हैं।

संसदीय कार्य पंजीयन, मनोरंजन कर स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, इसे खाली पढ़ना है बहुत अधिक समय नहीं लगेगा।

---

† छापा नहीं गया।

श्री अध्यक्ष–

माननीय नेता विरोधी दल आपको कितना समय लगेगा ।

श्री धनीराम वर्मा–

मान्यवर, मैं तो सिर्फ ग्राह्यता पर ही बोलूंगा कोई अधिक समय नहीं लगेगा ।

* श्री लालजी वर्मा–

मान्यवर, आपने पहले मद संख्या–26 को ले लिया और यह प्रस्तुत हो गया । आप उससे पहले नियम–311 पर सुन रहे थे तो पहले उसे सुन लें ।

श्री अध्यक्ष–

ठीक है, माननीय नेता विरोधी दल को हम सुन लेते हैं ।

प्रदेश की हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा अध्यादेश, 1998 के माध्यम से नकल रोके जाने से उत्पन्न स्थिति विषयक नियम 311 की नियम 56 में परिवर्तित कार्य-स्थगन प्रस्ताव की सूचना (क्रमागत)

नेता विरोधी दल (श्री धनीराम वर्मा)–

श्रीमन्, हम लोगों की ओर से जो अभी 18 मार्च को नकल विरोधी अध्यादेश प्रख्यापित किया गया है उसके विरोध में, नियम 311 के अन्तर्गत एक प्रस्ताव आपके समक्ष प्रस्तुत किया गया है और मांग किया है कि इसकी ग्राह्यता पर सुन लिया जाये । इस विषय पर विस्तार में चर्चा कराई जाये और चर्चा इसलिए कराई जाये कि यह काला कानून पहले भी आ चुका था और इस काले कानून पर जब आप सरकार से हट गये, आपको पराजित होना पड़ा और हमारी पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में रखा था कि जैसे ही हम सत्ता में आएंगे तो एक घण्टे के अन्दर इस काले कानून को समाप्त कर देंगे । मान्यवर, हमारी पार्टी सत्ता में आई और इस काले कानून को आधे घण्टे में समाप्त कर दिया । पुनः इस काले कानून को आपको इस हठवादिता के आधार पर नहीं लाना चाहिए था बल्कि आपको चाहिए था कि शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने की कोई बात किया होता तो अच्छा होता । आप एक साल से सत्तासीन हैं । किन्तु शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए कोई ठोस योजना नहीं रखा है ।

मान्यवर, प्राइमरी विद्यालयों में और जूनियर हाई स्कूलों में पढ़ाने के लिए शिक्षक नहीं हैं जिससे शिक्षा चौपट हो रही है । माननीय शिक्षा मंत्री भलीभांति परिचित होंगे और मैं भी एक कालेज का प्रिंसिपल रहा हूं, अब रिटायर हो गया हूं, मेरा कई विद्यालयों से संबंध अभी भी है, इसलिए जानना चाहता हूं कि क्या कक्षा 9-10 के सामान्य विज्ञान के विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए जब से इस विषय को लागू किया गया है क्या कोई पद शिक्षक का सृजित किया गया है ? यदि नहीं, तो पढ़ाई लिखाई कैसे होगी ? मैं यह भी कहना चाहता हूं कि एक गणित का अध्यापक जब हिन्दी, समाज शास्त्र, से एम० ए० कर लेता है और उसके बाद जब ज्येष्ठता के आधार पर प्रमोशन होता है तो उस कक्षा में,

---

* वक्ता ने भाषण का पुनरीक्षण नहीं किया ।

हिन्दी या समाज शास्त्र पढ़ाने के लिए, उसकी जगह पर गणित या विज्ञान का अध्यापक क्या नियुक्त किया गया है ? यदि नहीं, तो क्या यह छात्रों के साथ खिलवाड़ नहीं है ?

मान्यवर, मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जब शिक्षा अधिनियम 1988 में विधान है कि नकल करने की यदि कोई चेष्टा करेगा अथवा अनुचित सामग्री किसी के पास पायी जायगी तो एक साल के लिए उसे परीक्षा रद्द कर दी जाएगी यदि उसने नकल किया है तो दो साल के लिए उसे परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी । यदि उसके बाद भी छात्र अनुशासनहीनता करता है तो उसे दो-तीन सालों के लिए डिबार कर दिया जाता था । मान्यवर, यह इतने प्रभावी कदम थे कि इससे नकल करने की किसी की हिम्मत नहीं होती थी लेकिन शिक्षा का सत्र ठीक से नहीं चल रहे हैं, अध्यापकों की व्यवस्था नहीं की जा रही है और 8-10 सालों से शिक्षा में इस तरह की अव्यवस्थायें बनी हुई हैं जिससे लोगों में ठेके पर नकल कराने का काम शुरू कर दिया है ।

श्रीमन्, मैं कहना चाहता हूं कि आज इस काले कानून की आवश्यकता नहीं है । आखिरकार यह नकल जैसी घातक समस्या क्यों पैदा हुई, नकल नितान्त गलत है, नकल से छात्र-छात्राओं का भविष्य चौपट होगा और शिक्षा का स्तर नीचे आयेगा, तो इस विषय पर विस्तार से चर्चा होने की आवश्यकता है, जिस पर हम लोग अपनी राय प्रकट करें । क्या यह सब सही नहीं है कि अध्यापकों को पंचम वेतन आयोग के हिसाब से वेतन नहीं दिया गया है, जो उनकी वेतन की विसंगति थी, उसको दूर नहीं किया गया है और इसी कारण उन्होंने हड़ताल किया और छात्र-छात्राओं की पढ़ाई लिखाई नहीं हुई, तो दोषी कौन है ? जब यह तय हो गया था कि जो वेतन केन्द्र में दिया जायेगा, वही वेतन प्रदेश में भी दिया जायेगा, तो फिर इसमें विसंगति कैसे है ? इस मौजूदा सरकार ने उनको केन्द्र के समान न देकर शिक्षा को चौपट करने का काम किया है । इससे गरीब छात्र-छात्राओं का हित नहीं हो सकेगा, अमीर लोग तो अपने बच्चों को ट्यूशन पढ़ा कर शिक्षा दिला देंगे, लेकिन जो गरीब छात्र-छात्रायें हैं, वह कहां पर पढ़ेंगी । उनकी पढ़ाई तो तभी हो सकती है जब विद्यालय में शिक्षा का स्तर ठीक हो, उसमें अध्यापक हों और ठीक से पढ़ाई होती हो, लेकिन इस ओर कभी सोचा नहीं गया है । जो नियम 311 का नोटिस हमारी पार्टी ने दिया है, विरोध पक्ष ने दिया है, उस पर विस्तार से चर्चा करा ली जाये और इस काले कानून को रद्द किया जाये । इस पर आपकी व्यवस्था स्वीकार करने के लिये आना चाहिये ।

श्री अध्यक्ष–

माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी, ग्राह्यता के सम्बन्ध में कुछ कहेंगे ।

संसदीय कार्य, पंजीयन, मनोरंजन कर स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

माननीय उच्च शिक्षा मंत्री जी कहेंगे ।

* उच्च शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा मंत्री (डा० नरेन्द्र कुमार सिंह गौर)–

मान्यवर, नकल विरोधी अध्यादेश के बारे में जो चर्चा हुई है, उसके संबंध में कई माननीय सदस्यों के सुझाव आये हैं । मैं कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार शिक्षा की व्यवस्था में गुणवत्ता को लाने का संकल्प किया है । परीक्षाओं में व्यवस्था ठीक बनाये रखने के लिये हमने इस अध्यादेश को प्रतिष्ठापित किया है । मैं कहना चाहता हूं कि हमारे और आपके बीच में राजनैतिक अन्तर भले हो, लेकिन अगर

---

* वक्ता ने भाषण का पुनरीक्षण नहीं किया ।

आप प्रदेश के [illegible]त्राओं के भविष्य को देखना चाहते हैं, उनके भविष्य को उज्जवल करना चाहते हैं, तो शिक्षा की गुणवत्ता को बनाये रखना बहुत आवश्यक है। पिछली बार जब माननीय कल्याण सिंह मुख्य मंत्री थे और [illegible]नीय राजनाथ सिंह जी माध्यमिक शिक्षा मंत्री थे, उस समय इस चीज की आवश्यकता को [illegible] किया गया था। परीक्षाओं में खुल्लमखुल्ला नकल होती थी और इसको अगर न रोका गया तो गरीब लोगों के बच्चों के साथ अन्याय होगा। मैं कहना चाहता हूं कि पहले ठेके उठते थे, कुछ पैसा दे दीजिये और जिसके पास पैसा नहीं होता था, उसको नकल करने को नहीं मिल पाती थी। इसी को रोकने के लिये हमारी सरकार कृत संकल्प है। हम सभी छात्रों के साथ न्याय करना चाहते हैं और इसी कारण से इस अध्यादेश को लाया गया है। 18 मार्च को यह अध्यादेश लाया गया है और 24 मार्च से परीक्षायें शुरू थीं और कुछ विद्यालयों में परीक्षायें चल रही थीं और अगर डिले किया गया तो इसका परपज हल नहीं होगा। इसलिये 18 मार्च को यह अध्यादेश लाया गया। मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सम्मानित सदन से यह कहना चाहता हूं कि यदि भवन की नींव मजबूत होगी तो भवन बहुत वर्षों तक चलेगा। इसी तरह से हम शिक्षा के माध्यम से संस्कार देना चाहते हैं अपने छात्र और छात्राओं को। अगर उनमें संस्कार नहीं होंगे तो निश्चित रूप से हमारे छात्रों का भविष्य उज्जवल नहीं होगा। हमारे यहां पर कई वरिष्ठ बंधु बैठे हैं मैं एक प्रश्न पूछना चाहता हूं आज से 20–25 वर्षों पहले हमारे प्रदेश के छात्र अन्य प्रदेशों के छात्रों से हर स्थान पर आगे हुआ करते थे। आज इन 20–25 वर्षों में क्या प्रतिभा में कमी हो गयी है ? मेरा स्पष्ट मानना है कि प्रतिभा में कमी नहीं हुई है आज उनको सही शिक्षा और सही दिशा देने की आवश्यकता है। पूर्व की सरकारों ने शिक्षा को इस दृष्टि से नहीं सोचा। हमारी सरकार शिक्षा को शिक्षा के एंगिल से देख रही है इसलिये शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है। इस समय आई० ए० एस० की परीक्षा में देख लीजिये हमारे प्रदेश के कितने छात्र आते हैं। क्यों आज अन्य प्रदेशों के छात्र इस परीक्षा में कंपलीट कर रहे हैं और हमारे प्रदेश के छात्र क्यों कंपलीट नहीं कर पा रहे हैं ? इसका सबसे बड़ा कारण शिक्षा की गुणवत्ता की तरफ ध्यान न दिया जाना है।

श्री सुधाकर सिंह–

आज विद्यालयों में टाट पट्टी नहीं है, कुर्सियां टूटी हैं, मेजें टूटी हैं। केवल सारी व्यवस्था नकल अध्यादेश लाकर ठीक की जा रही है। हमारे यहां मऊ जनपद में 1088 अध्यापकों की कमी है। फर्नीचर नहीं, अध्यापक नहीं हैं।

श्री अध्यक्ष–

इस तरह आपस में विवाद न करें। जो बात कहनी है अध्यक्ष के माध्यम से कहिये, पीठ के माध्यम से कहिये।

श्री सुधाकर सिंह–

मान्यवर, स्कूलों में प्रयोगशालायें नहीं हैं, फर्नीचर नहीं है। केवल छात्रों को अपराधी घोषित करने से सुधार नहीं आयेगा।

श्री अध्यक्ष–

जब विधेयक पर चर्चा होगी तब इस बात का उल्लेख करियेगा।

डा० नरेन्द्र कुमार सिंह गौर–

मान्यवर, मैं कह रहा था कि उत्तर प्रदेश के अन्दर जैसा मैंने प्रारम्भ में कहा शिक्षा की गुणवत्ता पर परीक्षा की पवित्रता पर सरकार ध्यान दे रही है । अभी मैं 22 तारीख को कासगंज गया था वहां पर दीक्षांत समारोह था । मैंने वहां यह बात रखी । वहां पर अभिभावक थे, शिक्षक थे, छात्र थे सभी ने सरकार के कदम की सराहना की । मैं सदन को आश्वासन देना चाहता हूं कि किसी छात्र-छात्रा के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा । पिछली बार जो आशंका थी उसको दूर करने का इस अध्यादेश के माध्यम से प्रयास किया गया है ।

(समय 2 बजकर 20 मिनट)

श्री अध्यक्ष–

आप कृपया ग्राह्यता पर ही बोलें ।

डा० नरेन्द्र कुमार सिंह गौर–

मान्यवर, माननीय सदस्यों ने जो बिन्दु उठाये थे उनका उत्तर दे रहा हूं । शिक्षकों के रिक्त पदों को भरे जाने की बात है तो हमारी सरकार प्रयास कर रही है कि प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा के सभी पद भर दिये जायें । हर स्तर के विद्यालय महाविद्यालय में पठन पाठन का कार्य ठीक से चले । इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है । इस कानून को काला कानून कुछ सदस्यों ने कहा है ।

श्री अध्यक्ष–

आप ग्राह्यता पर बोलें ।

श्री अम्बिका चौधरी–

मान्यवर, माननीय उच्च शिक्षा मंत्री जो उत्तर दे रहे हैं वह चर्चा वाला आ ... है । उनकी भी मंशा है कि इस पर चर्चा हो जाय । मान्यवर, आप चर्चा किये जाने के आदेश ...

डा० नरेन्द्र कुमार सिंह गौर–

माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्यों ने नियम–311 में इस विषय को ... चर्चा कराने की बात कही है । मान्यवर, प्रदेश की शिक्षा की गुणवत्ता को बनाने के लिये इस अध्या... ी आवश्यकता थी । आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि इसे निरस्त कर दिया जाय ।

श्री अध्यक्ष–

माननीय सदस्यों और उच्च शिक्षा मंत्री को सुनने के पश्चात् मैं इस निर्णय पर पहुंचा हूं कि नियम–311 में यह सूचना निरस्त होने योग्य है । जब यह विधेयक कल प्रस्तुत होगा तब उस पर चर्चा हो जायेगी ।

(कई सदस्यों के एक साथ बोलने पर व्यवधान एवं कई सदस्य सदन के वेल में आ गये)

सदन में जब यह विधेयक प्रस्तुत होगा तब चर्चा होगी । उस पर आप अपने विचार रखियेगा ।

(डा० धर्मज्ञ मिश्र, इनक्लाब जिन्दाबाद, काला कानून नहीं चलेगा–नहीं चलेगा के नारे ल... ते हुए सदन के फ्लोर पर आ गये)

जब विधेयक आयेगा तब चर्चा हो जायेगी । मेरा अनुरोध है कि माननीय सदस्य कृपया अपना-अपना स्थान ग्रहण कर लें । जब विधेयक पर चर्चा होगी तब अपने-अपने विचार रख लें ।

श्री अम्बिका चौधरी–

मान्यवर, चर्चा करा लें ।

श्री अध्यक्ष–

मैंने व्यवस्था दे दी है । आपको अपनी बात दोबारा कहने का भी अवसर दिया जायेगा । मैं अगली सूचना ले रहा हूं ।

(व्यवधान)

(डा० धर्मज्ञ मिश्र "इनक्लाब जिन्दाबाद, काला कानून नहीं चलेगा-- नहीं चलेगा" के नारे लगाने लगे)

श्री अध्यक्ष–

माननीय सदस्य कृपया अपने-अपने स्थान पर चले जायं । माननीय धर्मज्ञ मिश्र जी अपने स्थान पर चले जायं ।

डा० धर्मज्ञ मिश्र–

[× × ×]

श्री अध्यक्ष–

यह लिखा नहीं जायेगा । माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि कृपया अपने स्थान पर चले जायं । सदन की कार्यवाही चलने दीजिये ।

श्री सुधाकर सिंह–

शिक्षा जगत में पर्याप्त कानून हैं इसकी कोई आवश्यकता नहीं है । इसको वापस करना नितान्त आवश्यक है ।

(व्यवधान)

डा० धर्मज्ञ मिश्र–

इस अध्यादेश पर चर्चा होनी चाहिए ।

श्री अध्यक्ष–

कृपया अपने स्थान पर जाएं ।

(व्यवधान)

डा० धर्मज्ञ मिश्र–

माननीय अध्यक्ष महोदय इस पर चर्चा होनी चाहिए ।

श्री अध्यक्ष–

नियम–311 के अन्तर्गत यह नहीं आता है मैं इसको निरस्त करता हूं ।

नोट :–[× × ×] यह अंश श्री अध्यक्ष के आदेशानुसार कार्यवाही से निकाल दिया गया ।

नियम 301 के अन्तर्गत सूचनाएं

श्री अध्यक्ष–

आज दिनांक 24 मार्च, 1998 को सदन के संज्ञान में लाने हेतु नियम 301 के अन्तर्गत कुल 12 सूचनाएं प्राप्त हुई । जिनमें से अग्राह्य को छोड़ते हुए शलाका के आधार पर निम्नलिखित 7 सूचनाएं स्वीकार की गयीं । पहली सूचना श्री राम ललित चौधरी जी की है । दूसरी सचना डा० लक्ष्मीकान्त बाजपेयी की है, तीसरी सूचना श्री अजय कुमार पोइया की है, चौथी सूचना श्री जगदीश नारायण जी की है, पांचवी सूचना श्री मुरलीधर जी की है, छठी सूचना श्री रामजग की एवं सातवीं सूचना श्री तेजभान सिंह जी की है । शेष सूचनाएं अस्वीकृत हुई ।

(सदन की सहमति से स्वीकृत सात सूचनाएं पढ़ी हुई मानी गयीं)

बस्ती जनपद में कलेक्शन चार्ज शुगर मिलों से न लेकर गन्ना किसानों से लिये जाने के संबंध में नियम 301 के अन्तर्गत सूचना

* श्री राम ललित चौधरी–

[मान्यवर, मैं लोक महत्व के अति आवश्यक विषय की तरफ सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं वह यह है कि जनपद बस्ती में गन्ना किसानों का बकायेदार बस्ती जिसमें की बस्ती वालटरगंज तथा मुन्डरवा शुगर मिलें थी जिन पर गन्ना मूल्य की वसूली के संबंध में वर्ष 91-92 में रिकवरी सर्टीफिकेट यानी आर० सी० जारी हुआ था ।

रिकवरी सर्टिफिकेट के द्वारा जब वसूली होती है तब वसूली चार्ज बकायेदार से लिया जाता है । लेकिन ऐसा नहीं हुआ कलेक्शन चार्ज बकायेदार से न लेकर यानी मिलों से न लेकर गन्ना किसानों से ले लिया गया जबकि ऐसा नहीं होना चाहिए था ।

कलेक्शन चार्ज के रूप में लिये गये लगभग एक करोड़ रुपये की बकाया धनराशि के लिये तमाम लिखा-पढ़ी हो चुकी है लेकिन इसके बावजूद आज तक यह धन वापस नहीं हुआ ।

इसलिये सरकार यह धन अब ब्याज सहित वापस करे ।]

आवास विकास परिषद्, मेरठ द्वारा बनायी गयी स्कीम नं० 10 कालोनी में व्याप्त गन्दगी के संबंध में नियम 301 के अन्तर्गत सूचना

डा० लक्ष्मीकान्त बाजपेयी–

[मान्यवर, स्कीम नं० 10 कालोनी, जो आवास विकास परिषद् द्वारा दिल्ली रोड पर बनाई गई थी उसमें व्याप्त गन्दगी की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं ।

इसमें सड़क मार्ग प्रकाश सीवर व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गयी है अभी तो एक सेक्टर में 3000 आवास में से मात्र 400 आवंटित हुई हैं उस परिस्थिति में सारी व्यवस्था चरमरा गयी है । नगर निगम को तो स्थानान्तरित होने की स्थिति नहीं है ।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनरीक्षण नहीं किया ।

नोट :– [यह अंश पढ़ा हुआ माना गया ।

मकानों के आगे पानी भरा है जल निकासी व्यवस्था नहीं है मच्छर पैदा हो रहे हैं, बीमारी बढ़ रही है।

कालोनी में आवास विकास परिषद् ने उचित क्षमता के ट्रांसफार्मर नहीं लगाये हैं। लोग अन्धकार/लो वोल्टेज में जीने को मजबूर हैं।

आवास विकास परिषद् मेरठ स्कीम नं० 10 की घोर उपेक्षा कर रहा है।

इस प्रकरण पर तत्काल कार्यवाही करने का निर्देश शासन को देने का कष्ट करें।]

मथुरा के ग्रामीण अभियंत्रण सेवा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के संबंध में नियम 301 के अन्तर्गत सूचना

श्री अजय कुमार पोइया–

[मान्यवर, मैं आपके माध्यम से लोक महत्व के विषय की ओर आपका ध्यान केन्द्रित करते हुए निवेदन करना है कि मथुरा जनपद स्थित ग्रामीण अभियंत्रण सेवा आर० ई० एस० विभाग में भयंकर घोटाला है, ए० ई० तथा जे० ई० मिलकर ठेकेदारों से षड़यंत्र तहत कार्य पूर्ण न करने तथा स्थल पर कार्य ही न किये जाने की स्थिति में भुगतान पूर्ण रूप से निकाल लिया जाता है। मेरे द्वारा इस संबंध में विगत तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी लिखित रूप में शिकायत की गयी परन्तु कोई भी दण्डात्मक कार्यवाही नहीं की गयी जिससे उनके हौसले बुलन्द हैं।

उदाहरण के लिये मथुरा एवं गोवर्धन ब्लाक के विभागीय एवं ब्लाक अवर अभियन्ता एस० के० कुलश्रेष्ठ तथा ए० ई० तथा ठेकेदार प्रताप चौधरी द्वारा आगरा–मथुरा से दामोदर पुरा में मिट्टी एवं खड़ंजा का कार्य 1.5 मीटर से 2.5 मीटर तक नापा गया है जबकि 1 या 1.5 फुट मिट्टी कार्य ही किया गया है, इसी प्रकार मुखराई, अडींग तथा भगोसा में आदि में तथा गोवर्धन ब्लाक में आवासीय परिसर में टाइप द्वितीय भवनों के निर्माण में 1996-97 घपला किया गया ग्राम हकीमपुर में श्रमदान से कार्य हुआ वह स्वयं अपना दिखला कर भुगतान निकाला गया यह भ्रष्टाचार लगभग 10 वर्ष से मिलकर हो रहा है, प्रताप चौधरी द्वारा आर० इ० एस० आगरा में बीहड़ सुधार योजना में भी वहां भ्रष्टाचार किया गया।

अतः आपके माध्यम से शासन से मांग करता हूं कि लोक महत्व के उपरोक्त पर शासन शीघ्र आदेश जारी करके भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।]

जौनपुर में रबी की फसल ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त होने के संबंध में नियम 301 के अन्तर्गत सूचना

* श्री जगदीश नारायण–

[मान्यवर, जनपद जौनपुर में मौसम की खराबी एवं ओलावृष्टि से पूरे जनपद में रबी की फसलों, आलू, सब्जी की फसलें क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। किसान अभाव एवं भुखमरी के तरफ बढ़ रहे हैं।

अतः इस लोक महत्व के प्रश्न पर सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए जनपद के किसानों को शीघ्र राहत दिलाने की मांग करता हूं।]

नोट :–[ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

* वक्ता ने भाषण का पुनर्वीक्षण नहीं किया।

जनपद फतेहपुर स्थित ग्राम शाहजहांपुर सेलरहा, विकास खण्ड बिजयीपुर में जूनियर हाई स्कूल की मांग के संबंध में नियम 301 के अन्तर्गत सूचना

* श्री मुरलीधर–

[मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से नियम 301 के अन्तर्गत आपके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि मेरी विधान सभा क्षेत्र किशुनपुर के ग्राम शाहजहांपुर सेलरहा विकास खण्ड विजयीपुर में शिक्षा की उचित व्यवस्था नहीं है । जिससे इस ग्राम के साथ-साथ अगल-बगल के ग्रामों के बच्चे भी शिक्षा से वंचित रह जाते हैं । इन ग्रामों की बालिकाएं भी प्राइमरी पाठशाला के बाद शिक्षा अर्जित नहीं कर पाती । इन ग्रामों में अधिकतर गरीब अनुसूचित जाति एवं अति पिछड़े वर्ग की जनता निवास करती है । जिनकी खेती, मजदूरी ही आय के मुख्य साधन हैं । शासन की मंशा भी प्रत्येक ग्राम को पूर्ण साक्षर बनाना है । शिक्षा ही उस व्यक्ति, ग्राम एवं क्षेत्र व प्रदेश के विकास का साधन है । उक्त ग्राम से 5 किलोमीटर के अन्तर्गत कोई जूनियर हाई स्कूल नहीं है ।

अस्तु मैं सरकार से मांग करता हूं कि ग्राम शाहजहांपुर सेलरहा, विकास खण्ड विजयीपुर, जनपद फतेहपुर में जनहित को ध्यान रखते हुए एक जूनियर हाई स्कूल स्थापित किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाये ।]

जनपद आजमगढ़ स्थित उप विद्युत केन्द्र कम्हरिया पर 3 एम० बी० ए० के स्थान पर 5 एम० बी० ए० का ट्रांसफार्मर लगाये जाने की मांग के संबंध में नियम 301 के अन्तर्गत सूचना

श्री रामजग–

[मान्यवर, उप विद्युत केन्द्र कम्हरिया (आजमगढ़) पर मात्र 3 एम० बी० ए० का ट्रान्सफार्मर बहुत पहले का लगा है पम्पिंग सेट का कलेक्शन इतना अधिक है कि 3 एम० बी० ए० ट्रान्सफार्मर से किसानों को बिजली नहीं मिलती है । अधिकारियों का कहना है कि 3 एम० बी० ए० का ट्रान्सफार्मर के स्थान पर 5 एम० बी० ए० का ट्रान्सफार्मर लगाया जाना आवश्यक है । 5 एम० बी० ए० ट्रान्सफार्मर न लगाये जाने से किसानों की फसल की सिंचाई, फसल की बुवाई नहीं हो पाती है । जिले में संबंधित अधिकारियों की लापरवाही का परिणाम है कि आज तक 5 एम० बी० ए० ट्रान्सफार्मर नहीं लगे जिससे क्षेत्र की जनता में भारी असन्तोष है । ऐसी स्थिति में किसानों के हितों को देखते हुए उक्त उप विद्युत केन्द्र पर 3 एम० बी० ए० ट्रान्सफार्मर के स्थान पर 5 एम० बी० ए० ट्रान्सफार्मर अविलम्ब उत्तर प्रदेश सरकार लगवाने का आदेश दे ।]

जनपद सुल्तानपुर स्थित ग्राम दरियापुर, परगना मीरानपुर, स्थित गाटा संख्या 588 पर अवैध रूप से कब्जा किये जाने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में नियम 301 के अन्तर्गत सूचना

* श्री तेजभान सिंह–

[मान्यवर, जनपद सुल्तानपुर के विनियमित क्षेत्र सुल्तानपुर अन्तर्गत ग्राम दरियापुर, परगना मीरानपुर स्थित गाटा संख्या 588 रकबा 19 बिस्वा बंजर है । यह भूमि आज से कुछ दिन पूर्व पूर्णरूपेण सरकार के कब्जे में थी परन्तु 2-3 वर्षों से लगातार इस बंजर भूमि को विनियमित क्षेत्र के अधिकारीगण आपसी मिलीभगत से अवैध ढंग से लोगों को कब्जा कराकर मकान बनवा दिये गये ।

---

* वक्ता ने भाषण का पुनरीक्षण नहीं किया ।

नोट :– [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया ।

श्रीमान् जी, इस भूमि को इधर-उधर करने में जहां फर्जी मुकदमों को दायर कर दीवानी के आदेश प्राप्त करने में इन अधिकारियों ने सहायता किया है वहीं यहां तक सत्यापित नहीं किया गया कि बंजर भूमि पर मुकदमा दायर कर फर्जी सुलह से जमीन का स्वामित्व कैसे प्राप्त किया गया है।

श्रीमान् जी, इस तरह की शिकायतें कई बार करने के बावजूद भी इस भूमि को पूर्णरूप से बेच दिया गया है जिससे राज्य सरकार को लाखों का जहां चूना लगाया गया है वहीं फर्जी तरीके से यह व्यापार अभी भी जोरों पर होने से अधिकारी कर्मचारी लूट में मशगूल हैं।

अतः इस अविलम्बनीय लोक महत्व के प्रश्न पर मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित कर उक्त भूमि के फर्जी तरीके से किये गये स्थानान्तरण तथा इसमें लिप्त अधिकारियों के विरुद्ध जांच तथा अनियमित बने मकानों को सरकारी कब्जे में लेने की मांग करता हूं।

औचित्य के प्रश्न की सूचनाएं

श्री अध्यक्ष–

आज दिनांक 24 मार्च, 1998 को नियम 300 के अन्तर्गत जो सूचनाएं प्राप्त हुई हैं...

(घोर व्यवधान के मध्य माननीय सदस्यों का नाम पुकारने एवं उनके खड़े न होने पर)

नियम–300 के अन्तर्गत जो सूचनाएं प्राप्त हुई हैं उन सभी को निरस्त किया जाता है।

(घोर व्यवधान)

उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश, 1998†

संसदीय कार्य, पंजीयन, मनोरंजन कर, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश, 1998 को सदन के पटल पर रखता हूं।

उत्तर प्रदेश खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम लिमिटेड की दशम वार्षिक रिपोर्ट एवं लेखा विवरण 1983-84 ÷

संसदीय कार्य, पंजीयन, मनोरंजन कर, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम लिमिटेड की दशम् वार्षिक रिपोर्ट एवं लेखा विवरण 1983-84 को उत्तर प्रदेश राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम लिमिटेड के आर्टिकल्स आफ एसोसियेशन के प्रस्तर 118 (बी) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखता हूं।

(घोर व्यवधान)

राज्यपाल के अभिभाषण के प्रति सदन द्वारा स्वीकृत धन्यवाद प्रस्ताव के संबंध में श्री राज्यपाल का उत्तर

श्री अध्यक्ष–

दिनांक 27 जनवरी, 1998 को विधान मण्डल के एक साथ समवेत दोनों सदनों के समक्ष राज्यपाल महोदय द्वारा दिये गये अभिभाषण के प्रति धन्यवाद प्रकट करते हुए उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा

---

† छपा नहीं गया।

स्वीकृत प्रस्ताव के संबंध में राज्यपाल महोदय के उत्तर को मैं उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम 19(8) के अन्तर्गत पढ़कर सुना रहा हूं।

प्रिय अध्यक्ष महोदय, आपके अ० शा० पत्र सं० 195/अविस/98. दिनांक फरवरी 11, 1998 के लिये धन्यवाद। आपके द्वारा विधान सभा के माननीय सदस्यों को भी मैं अपना धन्यवाद देना चाहूंगा। सादर।

रोमेश भण्डारी।

उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग (संशोधन) विधेयक, 1998

सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से इस सदन को सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग (संशोधन) विधेयक, 1998 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 28 जनवरी, 1998 की बैठक में पारित किया गया था उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 29 जनवरी, 1998 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 31 जनवरी, 1998 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1998 का उत्तर प्रदेश का पहला अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 1998

सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से इस सदन को सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 1998 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 28 जनवरी, 1998 की बैठक में पारित किया गया था उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 29 जनवरी, 1998 के उपवेशन में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 31 जनवरी, 1998 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1998 का उत्तर प्रदेश का दूसरा अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश विनियोग (1997-98 का अनुपरक) विधेयक, 1998

सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से इस सदन को सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश विनियोग (1997-98 का अनुपूरक) विधेयक, 1998 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपनी दिनांक 28 जनवरी, 1998 के उपवेशन में पारित किया गया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी सिफारिश के दिनांक 29 जनवरी, 1998 को वापस प्राप्त हुआ था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 3 फरवरी, 1998 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1998 का उत्तर प्रदेश का तीसरा अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण (संशोधन) विधेयक, 1998

सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से इस सदन को सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश शीरा नियंत्रण (संशोधन) विधेयक, 1998 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 28 जनवरी, 1998 के उपवेशन में पारित किया गया था उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपने दिनांक 29 जनवरी, 1998 के बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 6 फरवरी, 1998 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1998 का उत्तर प्रदेश का चौथा अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ((निरसन) विधेयक, 1998

सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से इस सदन को सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (निरसन) विधेयक, 1998 पर जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 28 जनवरी, 1998 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 29 जनवरी, 1998 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 6 फरवरी, 1998 को प्राप्त हो गयी और वह सन् 1998 का उत्तर प्रदेश का पांचवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग (निरसन) विधेयक, 1998

सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से इस सदन को सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग (निरसन) विधेयक, 1998 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 28 जनवरी, 1998 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 29 जनवरी, 1998 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 6 फरवरी, 1998 को प्राप्त हो गयी और वह सन्, 1998 का उत्तर प्रदेश छठा अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश आबकारी (संशोधन) विधेयक, 1998

सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से इस सदन को सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश आबकारी (संशोधन) विधेयक, 1998 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 29 जनवरी, 1998 के उपवेशन में पारित किया था तथा जो श्री अध्यक्ष द्वारा धन विधेयक प्रमाणित किया गया था और उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने बिना किसी सिफारिश के दिनांक 29 जनवरी, 1998 को वापस प्राप्त हुआ था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 6 फरवरी, 1998 को प्राप्त हो गयी और वह सन्, 1998 का उत्तर प्रदेश का सातवां अधिनियम बन गया।

(घोर व्यवधान के मध्य)

उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 1998

सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से इस सदन को सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश नगर निगम (संशोधन) विधेयक, 1998 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 28 जनवरी, 1998 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 29 जनवरी, 1998 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 6 फरवरी, 1998 को प्राप्त हो गयी और वह सन्, 1998 का उत्तर प्रदेश का आठवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 1998

सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से इस सदन को सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 1998 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 28 जनवरी, 1998 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 29 जनवरी, 1998 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 12 फरवरी, 1998 को प्राप्त हो गयी और वह सन्, 1998 का उत्तर प्रदेश नवां अधिनियम बन गया।

(घोर व्यवधान के मध्य)

डा० धर्मज्ञ मिश्र–

अध्यक्ष महोदय, आप विरोध पक्ष के सदस्यों को सुनने को तैयार नहीं हो रहे हैं, आपको ईमानदारी का परिचय देना चाहिए, सदन में इस पर चर्चा करानी चाहिए ।

(घोर व्यवधान के मध्य)

उत्तर प्रदेश रुड़की विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 1997

सचिव, विधान सभा–

श्रीमन्, मैं आपकी अनुमति से इस सदन को सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश रुड़की विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 1997 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 25 जुलाई, 1997 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 31 जुलाई, 1997 की बैठक में पारित किया था, राष्ट्रपति महोदय की अनुमति दिनांक 10 फरवरी, 1998 को प्राप्त हो गयी और वह सन्, 1998 का उत्तर प्रदेश दसवां अधिनियम बन गया ।

कार्य-मंत्रणा समिति द्वारा कार्यक्रम निर्धारण का प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष–

उत्तर प्रदेश विधान सभा की कार्य-मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 23 मार्च, 1998 की बैठक में सदन के दिनांक 24 मार्च से दिनांक 26 मार्च, 1998 तक के उपवेशनों के कार्यक्रम को निम्नलिखित संशोधित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है :–

मार्च, 1998

24 मंगलवार	(1) निधन के निर्देश (प्रश्नों के उपरान्त) (2) औपचारिक कार्य, यथा अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पुरः स्थापन आदि) यदि कोई हों । (3) 2.00 बजे अपराह्न वित्तीय वर्ष 1997–98 के द्वितीय अनुपूरक अनुदानों की मांगों का प्रस्तुतिकरण । (4) संगत नियमों को निलम्बित करते हुये वित्तीय वर्ष 1997–98 के द्वितीय अनुपूरक अनुदानों की मांगों पर चर्चा मांगों पर विचार एवं मतदान तथा तत्संबंधी विनियोग विधेयक का पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं उसका पारण । (5) वित्तीय वर्ष 1998–99 के अन्तरिम आय-व्ययक सहित, उसके एक भाग के लिये लेखानुदान का प्रस्तुतिकरण ।
25 बुधवार	(1) वित्तीय वर्ष 1998–99 के एक भाग के लिये लेखानुदान के प्रस्ताव पर विचार एवं मतदान तथा तत्संबंधी विनियोग विधेयक का पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं उसका पारण । (2) विधायी कार्य
26 गुरुवार	विधायी कार्य ।

संसदीय कार्य तथा पंजीयन, मनोरंजन कर, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, मैं प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश, जिनकी सूचना आज श्री अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गयी है, से सहमत है ।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश विषयक प्रस्ताव, जिसकी सूचना माननीय संसदीय कार्य-मंत्री जी द्वारा दी गयी है, से सदन सहमत है ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ)

उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 1998†

संसदीय कार्य तथा पंजीयन, मनोरंजन कर, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 1998 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं ।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 1998 को पुरःस्थापित करने की अनुज्ञा दी जाये ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ ।)

श्री हुकुम सिंह–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 1998 को पुरःस्थापित करता हूं ।

उत्तर प्रदेश आमोद और पणकर (संशोधन) विधेयक, 1998 ††

संसदीय कार्य तथा पंजीयन, मनोरंजन कर, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश आमोद और पणकर (संशोधन) विधेयक, 1998 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मांगता हूं ।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि उत्तर प्रदेश आमोद और पणकर (संशोधन) विधेयक, 1998 को पुरःस्थापित करने की अनुज्ञा दी जाये ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ ।)

(घोर व्यवधान के मध्य)

श्री हुकुम सिंह–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से उत्तर प्रदेश आमोद और पणकर (संशोधन) विधेयक, 1998 को पुरःस्थापित करता हूं ।

(घोर व्यवधान होने पर)

श्री अध्यक्ष–

अब मैं सदन को 3.00 बजे तक के लिये स्थगित करता हूं ।

---

† दिनांक 28-3-98 के असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट में छपा है ।

†† दिनांक 28-3-98 के असाधारण गजट के विधायी परिशिष्ट में छपा है ।

(इसके बाद घोर व्यवधान के कारण श्री अध्यक्ष ने 2 बजकर 40 मिनट पर सदन की कार्यवाही 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी । 3 बजे मार्शल ने सूचित किया कि श्री अध्यक्ष ने सदन का स्थगन 3 बजकर 15 मिनट तक के लिए और बढ़ा दिया है । तदोपरान्त 3 बजकर 15 मिनट पर श्री अध्यक्ष के सभापतित्व में सदन की कार्यवाही पुनः आरम्भ हुई ।)

सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश, 1998 को वापस लिये जाने की मांग

(क्रमागत)

श्री लालजी वर्मा–

मान्यवर, सदन अव्यवस्थित हो जाने से जितनी कार्यवाही हुई, उसे फिर से पारित करायें । जो 311 लिया था, उस पर फिर से चर्चा प्रारम्भ करायें ।

श्री अध्यक्ष–

जो काम हुआ है वह औपचारिक कार्य था ।

(व्यवधान)

श्री सुधाकर सिंह–

मान्यवर, 311 में इस पर चर्चा करायी जाय ।

डा० धर्मज्ञ मिश्र–

माम्यवर, लोकतंत्र की रक्षा के लिये यह नकल विरोधी अध्यादेश रूपी जो काला कानून बनाया जा रहा है, उसे वापस लिया जाय उस पर विधान सभा में चर्चा करायी जाय और उसके बाद जो निर्णय हो उससे सदन को अवगत कराया जाय । यह शिक्षा से जुड़ा हुआ प्रश्न है । मान्यवर, यह शिक्षा पर कुठाराघात है, शिक्षकों पर छात्रों पर कुठाराघात है । इस तरह से एक पक्षीय अध्यादेश जारी करना न्याय संगत नहीं है । मान्यवर, इस सदन में इस पर चर्चा करायी जाय या इस विषय पर मतदान करा लिया जाय ।

(डा० धर्मज्ञ मिश्र अध्यक्ष आसन के निकट आ गये और वहां से बोलने का प्रयास करने लगे)

(व्यवधान)

श्री अध्यक्ष–

अगर व्यक्ति अनुशासित नहीं है तो वह शिक्षित नहीं है शिक्षा का मतलब केवल अक्षर ज्ञान नहीं है पहले अनुशासित होइये ।

(इसी मध्य डा० धर्मज्ञ मिश्र, श्री सुधाकर, श्री शिवपाल सिंह यादव आदि समाजवादी पार्टी के सदस्य सदन के फ्लोर पर आ गये ।)

कुछ माननीय सदस्य सदन के फ्लोर पर बैठ गये ।)

(डा० धर्मज्ञ मिश्र सदस्य के फ्लोर से कहने लगे कि यह अध्यादेश निन्दनीय है मान्यवर, इस निन्दनीय प्रश्न पर इस सदन में चर्चा करायी जाये ।)

आप लोग अपने-अपने आसन पर वापस जायें । जब विधेयक आयेगा तो अवसर मिलेगा ।

(डा० धर्मज्ञ मिश्र सदन के फ्लोर से कहने लगे कि कोई मामला ऐसा है जो जनहित में नहीं है तो उस पर पहले चर्चा करायी जाये ।)

आप लोग अपने-अपने आसन पर वापस जायें ।

(समय 3 बजकर 20 मिनट)

(श्री सुधाकर सिंह को छोड़ कर समाजवादी पार्टी तथा विरोधी दलों के अन्य माननीय सदस्य जो सदन के वैल पर आये थे पुनः अपने-अपने स्थान पर वापस चले गये । श्री सुधाकर सिंह सदन के वैल में बैठे रहे ।)

जब विधेयक आयेगा तो आप लोग उस समय अपनी बात कह सकते हैं ।

वित्तीय वर्ष 1997-98 के द्वितीय अनुपूरक अनुदानों की मांगों पर मतदान अनुदान संख्या–1 आबकारी विभाग

श्री अध्यक्ष–

मैं अब मद संख्या 27 ले रहा हूं ।

(समाजवादी पार्टी के डा० धर्मज्ञ मिश्र, राम विशुन आजाद के साथ कई सदस्य एक साथ सदन के फ्लोर पर आ गये । अन्य विपक्षी दलों के सदस्य भी सदन के फ्लोर पर आ गये । जिससे अत्यधिक शोर होने लगा और व्यवधान हुआ । डा० धर्मज्ञ मिश्र रिपोर्टर्स की टेबल पर लगे साउन्ड बाक्सों को जोर-जोर से बजाने लगे ।)

यदि मद संख्या–27 पर कोई माननीय सदस्य अपना विचार रखना चाहें तो रख सकते हैं । चूंकि कोई माननीय सदस्य अपने विचार नहीं रख रहा है, इसलिए मैं मद संख्या–27 ले रहा हूं । माननीय संसदीय कार्यमंत्री जी आप अनुपूरक मांग रखें ।

संसदीय कार्य पंजीयन, मनोरंजन कर, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से एवं श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करता हूं कि अनुदान संख्या–01–आबकारी विभाग के अन्तर्गत 24,15,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय ।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि अनुदान संख्या–01–आबकारी विभाग के अन्तर्गत 24,15,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय ।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

अनुदान संख्या–03–उद्योग विभाग (निर्यात प्रोत्साहन)

संसदीय कार्य तथा पंजीयन, मनोरंजन कर, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से एवं श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करता हूं कि अनुदान संख्या–03–उद्योग विभाग (निर्यात प्रोत्साहन) के अन्तर्गत 50,00,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय ।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि अनुदान संख्या–03–उद्योग विभाग (निर्यात प्रोत्साहन) के अन्तर्गत 50,00,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय ।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

अनुदान संख्या–06–उद्योग विभाग (हथकरघा उद्योग)

संसदीय कार्य तथा पंजीयन, मनोरंजन कर, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से एवं श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करता हूं कि अनुदान संख्या–06–उद्योग विभाग (हथकरघा उद्योग) के अन्तर्गत 10,00,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय ।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि अनुदान संख्या–06–उद्योग विभाग (हथकरघा उद्योग) के अन्तर्गत 10,00,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय ।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

अनुदान संख्या–07–उद्योग विभाग (भारी एवं मध्यम उद्योग)

संसदीय कार्य तथा पंजीयन, मनोरंजन कर, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से एवं श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करता हूं कि अनुदान संख्या–07–उद्योग विभाग (भारी एवं मध्यम उद्योग) के अन्तर्गत 2,00,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि अनुदान संख्या–07–उद्योग विभाग (भारी एवं मध्यम उद्योग) के अन्तर्गत 2,00,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

(घोर व्यवधान के मध्य)

अनुदान संख्या–10–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (औद्योगिक विकास)

संसदीय कार्य तथा पंजीयन, मनोरंजन कर, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से एवं श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करता हूं कि अनुदान संख्या–10–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (आद्योगिक विकास) के अन्तर्गत 2,00,00,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि अनुदान संख्या–10–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (आद्योगिक विकास) के अन्तर्गत 2,00,00,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकृत की जाय।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

अनुदान संख्या–11–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (कृषि)

संसदीय कार्य तथा पंजीयन, मनोरंजन कर, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से एवं श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करता हूं कि अनुदान संख्या–11–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (कृषि) के अन्तर्गत 1,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि अनुदान संख्या–11–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (कृषि) के अन्तर्गत 1,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

अनुदान संख्या–12–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (क्षेत्रीय विकास)

संसदीय कार्य तथा पंजीयन, मनोरंजन कर, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से एवं श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करता हूं कि अनुदान संख्या–12–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (क्षेत्रीय विकास) के अन्तर्गत 5,95,66,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि अनुदान संख्या–12–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (क्षेत्रीय विकास) के अन्तर्गत 5,95,66,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकृत की जाय।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

अनुदान संख्या–13–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (ग्राम्य विकास)

संसदीय कार्य तथा पंजीयन, मनोरंजन कर, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से एवं श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करता हूं कि अनुदान संख्या–13–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (ग्राम्य विकास) के अन्तर्गत 39,14,90,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय ।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि अनुदान संख्या–13–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (ग्राम्य विकास) के अन्तर्गत 39,14,90,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय ।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

(व्यवधान होने पर)

आप लोग कृपया अपना-अपना स्थान ग्रहण करें ।

अनुदान संख्या–14–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (पंचायती राज)

संसदीय कार्य तथा पंजीयन, मनोरंजन कर, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी आज्ञा से एवं श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करता हूं कि अनुदान संख्या–14–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (पंचायती राज) के अन्तर्गत 2,69,90,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय ।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि अनुदान संख्या–14–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (पंचायती राज) के अन्तर्गत 2,69,90,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय ।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

अनुदान संख्या–15–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (पशुधन)

संसदीय कार्य तथा पंजीयन, मनोरंजन कर, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से एवं श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करता हूं कि अनुदान संख्या–15–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (पशुधन) के अन्तर्गत 8,53,76,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकृत की जाय ।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि अनुदान संख्या–15–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (पशुधन) के अन्तर्गत 8,53,76,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय ।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

अनुदान संख्या–17–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (मत्स्य)

संसदीय कार्य तथा पंजीयन, मनोरंजन कर, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से एवं श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करता हूं कि अनुदान संख्या–17–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (मत्स्य) के अन्तर्गत 60,51,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय ।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि अनुदान संख्या–17–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (मत्स्य) के अन्तर्गत 60,51,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकृत की जाय ।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

(समाजवादी पार्टी और बसपा के माननीय सदस्य सदन के फ्लोर पर निरन्तर बने रहे और सदन में घोर व्यवधान बना रहा)

अनुदान संख्या–18–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (सहकारिता)

संसदीय कार्य तथा पंजीयन, मनोरंजन कर, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से एवं श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करता हूं कि अनुदान संख्या–18–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (सहकारिता) के अन्तर्गत 15,50,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि अनुदान संख्या–18–कृषि तथा अन्य सम्बद्ध विभाग (सहकारिता) के अन्तर्गत 15,50,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकृत की जाय।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

अनुदान संख्या–21–खाद्य तथा रसद विभाग

संसदीय कार्य तथा पंजीयन, मनोरंजन कर, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क मंत्री (श्री हुकुम सिंह)–

मान्यवर, मैं आपकी अनुमति से एवं श्री राज्यपाल की सिफारिश से प्रस्ताव करता हूं कि अनुदान संख्या–21–खाद्य तथा रसद विभाग के अन्तर्गत 1,57,40,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय।

श्री अध्यक्ष–

प्रश्न यह है कि अनुदान संख्या–21–खाद्य तथा रसद विभाग के अन्तर्गत 1,57,40,000 रुपये की अनुपूरक मांग वित्तीय वर्ष 1997-98 के लिए स्वीकार की जाय।

(प्रश्न उपस्थित किया गया और स्वीकृत हुआ)

सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश, 1998 को वापस लिए जाने की मांग (क्रमागत)

(सदन के वेल में विरोधी दल के अधिकतर मा० सदस्य नारे लगाने के मध्य)

श्री अध्यक्ष–

मा० धर्मज्ञ मिश्र जी आप शान्त हो जायें। अब बहुत हो गया है। आप अपना स्थान ग्रहण करें। आप कृपया चुप रहें।

(डा० धर्मज्ञ मिश्र नारे लगाते रहे-छात्र विरोधी यह सरकार नहीं चलेगी)

कृपया मिश्र जी आप अपना स्थगन ग्रहण करें। आप लोग अपना स्थान नहीं ग्रहण कर रहे हैं और व्यवधान पैदा कर रहे हैं इसलिए मुझे अब आप लोगों को इंगित करना पड़ेगा। आप लोग कृपया अपना स्थान ग्रहण करें। (मा० सदस्यों के व्यवधान करते रहने पर) अब मैं सदन की कार्यवाही 3:45 बजे तक के लिए स्थगित करता हूं और संसदीय कार्यमंत्री कृपया सूची बना लें और जब मैं आऊंगा तो इंगित करूंगा।

(सदन की कार्यवाही 3:45 बजे तक के लिए स्थगित हुई)

(इसके बाद घोर व्यवधान के कारण श्री अध्यक्ष ने 3 बजकर 30 मिनट पर सदन की कार्यवाही 3 बजकर 45 मिनट तक के लिये स्थगित कर दी 3 बजकर 45 मिनट पर मार्शल ने सूचित किया कि श्री अध्यक्ष ने सदन का स्थगन 4 बजे तक के लिए बढ़ा दिया है 4 बजे श्री अध्यक्ष के सभापतित्व में सदन की कार्यवाही पुनः आरम्भ हुई।)

श्री अवधेश प्रसाद–

मान्यवर, व्यवस्था का सवाल है ।

नेता विरोधी दल, श्री धनीराम वर्मा–

मान्यवर, आप चर्चा स्वीकार कर लीजिये ।

श्री अध्यक्ष–

सभी माननीय सदस्यों को सुनने और माननीय शिक्षा मंत्री जी को सुनने के पश्चात् मैंने नोटिस को अग्राह्य कर दिया है फिर भी मैंने कहा था, शोर के कारण न सुना हो, कि कल इस विधेयक पर चर्चा होगी । एक घंटे का समय चर्चा करने के लिये निर्धारित हुआ है उस समय अगर आवश्यकता होगी तो समय बढ़ा दिया जायगा । इस विषय पर, कल विधेयक पर चर्चा होगी उसमें आप अपनी बात कह लीजियेगा ।

नेता विरोधी दल (श्री धनीराम वर्मा)–

यह सरकार छात्रों, टीचर्स के संबंध में उदासीन है । चर्चा और गुप्त मतदान नहीं करवा रही है इसलिये हम सदन की आज की कार्यवाही का बहिष्कार करते हैं ।

(श्री धनीराम वर्मा अपने दल के सदस्यों सहित सदन से चले गये ।)

श्री स्वामी प्रसाद मौर्य–

